Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 219 | रविवार, 10 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आज बेंगलुरु दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी

# वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी



**बेंगलुरु।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बेंगलुरु-बेलगावी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वह बेंगलोर मेट्रो की बहुप्रतीक्षित येलो लाइन को भी जनता को समर्पित करेंगे। सुबह साढ़े 10 बजे एचएएल हवाईअड्डे पर उतरने के बाद प्रधानमंत्री केएसआर बेंगलुरु (शहर) रेलवे स्टेशन जाएंगे, जहां वे केएसआर बेंगलुरु-बेलगावी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। वह अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा और अजनी (नागपुर)-पुणे के बीच दो और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद वह आरवी रोड (रागीगुड्डा) मेट्रो स्टेशन जाएंगे और येलो लाइन जनता को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री इलेक्ट्रॉनिक सिटी स्टेशन तक मेट्रो में सफर भी करेंगे प्रधानमंत्री इलेक्ट्रॉनिक सिटी स्टेशन तक मेट्रो में सफर भी करेंगे। इसके बाद मोदी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइआइटी) बेंगलुरु के सभागार में बेंगलुरु मेट्रो चरण- तीन की आधारशिला रखेंगे और आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा स्टेशन तक येलो लाइन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह एचएएल हवाईअड्डे जाएंगे और दोपहर दो बजकर 45 मिनट पर दिल्ली वापस आ जाएंगे।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़ दो आतंकियों के छिपे होने की सूचना



**जम्मू।**

रविवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने पहाड़ी जिले के दूल इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा तलाशी दलों को देखते ही, छिपे हुए आतंकवादियों, जिनकी संख्या दो मानी जा रही है, ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक पोस्ट पर मुठभेड़ की पुष्टि की। उसने कहा कि सतर्क सैनिकों ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाते हुए रविवार तड़के आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया और गोलीबारी की।

### गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर मेगा ब्लॉक से कई ट्रेनें निरस्त



**बरेली।** रेलवे प्रशासन ट्रेनों का संचालन बेहतर बनाने के लिए जगह-जगह ब्लॉक लेकर कार्य करा रहा है। गोरखपुर के कुसुम्ही से देवरिया सदर एवं डोमिनगढ़-बस्ती-गोविन्दनगर रेल खंडों पर ऑटोमेटिक सिगनलिंग सिस्टम लगाने का कार्य करा रहा है। इसी क्रम में छपरा से बाराबंकी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग सिस्टम लगाने का कार्य चल रहा है। इसको आगे बढ़ाते हुए गोरखपुर-गोंडा रेल खंड पर स्थित गोविन्दनगर-टिनिच-गौर-बभनान के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशन के लिए नॉन इंटरलॉक कार्य किए जाने के कारण 18 अगस्त को मेगा ब्लॉक लिया गया है। इससे कई ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण'

**नई दिल्ली।**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम), सिकंदराबाद में एक संबोधन के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण बताया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण बताया। वे 21वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम (एचडीएमसी) के प्रतिभागियों और कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम), सिकंदराबाद के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। सीडीएस ने सशस्त्र बलों में संयुक्तता और एकीकरण पर रणनीतिक दृष्टिकोण पर बात की।



## इंडिगो एअरलाइन पर लगा 1.5 लाख का जुमार्ना

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के एक कंज्यूमर फोरम ने इंडिगो एअरलाइन्स को एक मामले में दोषी ठहराते हुए 1.5 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। एक महिला ने आरोप लगाया था कि यात्रा के दौरान उसको गंदी और दागदार सीट दी गई थी। दरअसल, नई दिल्ली जिला उपभोक्ता विवाद निवारण पिंकी नाम की महिला की ओर से दर्ज की गई शिकायत पर



सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप लगाया गया कि इस साल 2 जनवरी को जब वह बाकू से नई दिल्ली की यात्रा कर रही थी तो उसे अस्वच्छ, गंदी और दागदार सीट दी गई। पिंकी ने यह भी आरोप लगाया कि इसको लेकर जब शिकायत की गई तो इसे खारिज कर दिया गया और असंवेदनशील तरीके से लिया गया। महिला के दावे का खंडन करते हुए एअरलाइंस ने कहा कि उसने पिंकी की समस्या का संज्ञान लिया और उन्हें एक अलग सीट दी। इसके बाद उन्होंने अपनी इच्छा से यात्रा की और नई दिल्ली तक अपनी यात्रा पूरी की।

### दिल्ली पुलिस ने नंदू गैंग के बदमाश मोनू को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नंदू गैंग के एक सदस्य, ईश्वर सिंह उर्फ मोनू, उम्र 40 वर्ष, को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक अत्याधुनिक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके बाद, द्वारका सेक्टर-23 पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वह पहले भी सात मामलों में शामिल था। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने धोखाधड़ी के मामले में 9 साल से फरार जालसाज को गिरफ्तार किया है।

## कंगाली में आटा गीला

# भारतीय उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध से पाकिस्तान को झटका, 1240 करोड़ का नुकसान



**इस्लामाबाद।**

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। इसके जवाब में पाकिस्तान ने सभी भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिया था। मगर यह प्रतिबंध पाकिस्तान पर ही उल्टा पड़ गया। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को भारत को आंखें दिखाना महंगा पड़ रहा है। कर्ज के बोझ तले दबा पाकिस्तान एक गलती की वजह से अपना बड़ा नुकसान करा चुका है। भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाकर पाकिस्तान को दो महीने में 1240 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध से यातायात में 20 प्रतिशत कमी आई।

## दो दिन के दौरे पर इंदौर पहुंचे मोहन भागवत



**इंदौर।**

दो दिनी प्रवास पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शनिवार को पंतवैध कालोनी स्थित संघ कार्यालय सुदर्शन पहुंचे। यहां उन्होंने चुनिंदा पदाधिकारियों से चर्चा की। वे रविवार को सुबह 9 बजे से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर स्कीम नंबर 78 में में मालवा प्रांत की सदभाव बैठक एवं शाम 5 बजे श्री गुरुजी सेवा न्यास के प्रकल्प माधव सृष्टि आरोग्य केंद्र पर कैंसर केयर सेंटर का शुभारंभ करेंगे। सद्भाव बैठक तीन सत्र में होंगी। इसमें हर एक सत्र 90 मिनिट का रहेगा। पहले सत्र में चयनित वर्ग के अपने कार्यों का लेखा-जोखा रखेंगे। साथ ही इसके प्रभाव की जानकारी भी साझा की जाएगी। दूसरा सत्र भोजन के बाद होगा। इसके लिए प्रतिनिधियों की बैठक व्यवस्था संघ के विभाग के अनुसार रखी गई इसका उद्देश्य आपसी समन्वय व संवाद एक दूसरे से परिचय बढ़ाना है। अंतिम सत्र में सरसंघचालक का उदबोधन होगा। इसमें वे पंच परिवर्तन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए स्व के जागरण पर संबोधित करेंगे। साथ ही अगामी कार्य योजना को भी अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक के लिए 15 जिलों के 180 वर्ग के 300 प्रतिनिधियों का आगमन सुबह 9 बजे शुरू होगा। स्वल्पाहार के बाद बैठक शुरू होगी।

**राष्ट्र निर्माण के लिए स्व के जागरण पर संबोधित करेंगे भागवत**

### सागर के एक स्कूल में 15 दिन में निकले 29 सांप



**सागर।** शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में सांपों की दहशत से छात्राओं ने आना बंद कर दिया है। अब प्रशासन ने स्कूल पर ही ताला लगा दिया है। सोमवार से इस स्कूल की कक्षाएं पुराने सीएम राइज स्कूल में लगेंगी। इस स्कूल में पिछले 15 दिन में 29 जहरीले सांप निकल चुके हैं। इसमें ज्यादातर नाग-नागिन निकलने से दहशत है। यहां पढ़ने वाली 1100 छात्राएं और शिक्षक शिक्षिकाएं डर के मारे कक्षाओं में नहीं जातीं। शुरूआत में जिन कमरों से सांप निकलते गए उनको बंद किया जाता रहा।

## योगी सरकार के बेड़े में शामिल होगा अगस्ता हेलीकाप्टर

**लखनऊ।** विश्व का सबसे आधुनिक हेलीकॉप्टर अगस्ता जल्द ही प्रदेश सरकार के बेड़े में शामिल होगा। इसके लिए पायलटों को विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा। विश्व के सबसे अत्याधुनिक हेलीकाप्टरों में शुमार अगस्ता एडब्लू 139 जल्द यूपी सरकार के बेड़े में शामिल होगा। इस हेलीकाप्टर खरीद की मंजूरी के साथ ही तीन पायलटों को विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा। नागरिक उड्डयन विभाग ने इसकी मंजूरी देते हुए आदेश जारी कर दिया है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकाप्टर की निमार्ता कंपनी इटली की लियोनार्डो हेलीकाप्टर है, जो पायलटों को हेलीकाप्टर की उड़ान के लिए तकनीकी और आपात स्थिति में लैंडिंग का प्रशिक्षण देगी। इसके



तहत कैप्टन अमित कुमार भूटानी और कैप्टन अक्षय जायसवाल को 13 अगस्त से 10 अक्तूबर तक और कैप्टन राजेश कुमार शर्मा को 9 अक्तूबर से 27 नवंबर तक विशेष प्रशिक्षण के लिए इटली भेजा जाएगा। विदेश यात्रा के दौरान उनके हवाई किराया, दैनिक भत्ता, होटल, बीमा, वीजा शुल्क आदि पर 50.40 लाख रुपये के खर्च को शासन ने मंजूरी दे दी है। अमित और अक्षय पर प्रति पायलट 17.61 लाख रुपये और राजेश शर्मा पर 15.18 लाख रुपये खर्च होंगे। प्रदेश सरकार हेलीकाप्टर के अलावा एक नया अत्याधुनिक चार्टर्ड प्लेन भी खरीदने की तैयारी कर रही है। चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर खरीदने में 600 से 700 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इससे पहले मायावती और अखिलेश यादव के शासनकाल में चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर की खरीद हुई थी। योगी सरकार में पहली बार चार्टर्ड प्लेन और हेलीकाप्टर खरीदने का फैसला हुआ है। अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकाप्टर के साथ फ्रांस के में बने फ्लेकन या बॉम्बार्डियर चार्टर्ड प्लेन को लेकर विचार किया जा रहा है। अमेरिका और यूरोप की चार बड़ी कंपनियों ने चार्टर्ड प्लेन के लिए अपना प्रस्ताव दिया है।

### अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकाप्टर की खूबियां

- अधिकतम रफ्तार 278 किलोमीटर प्रति घंटा
- बुलेटप्रूफ बॉडी
- मशीनगन फिट करने की सुविधा
- दो पायलट की क्षमता
- तीन ताकतवर इंजन
- हवा में ईंधन भरने की क्षमता
- सबसे बड़ा केबिन 8.3 फीट चौड़ा, 6.1 फीट ऊंचा
- अधिकतम वजन 15,600 किलो

## संपादक की कलम से

# रूस-अमरीका में शीत युद्ध

अमरीका के रूस–विरोधी रवैये के मद्देनजर शीत युद्ध के आसार बन गए हैं। रूस और अमरीका के बीच 8 दिसंबर, 1987 को एक संधि हुई थी कि दोनों देश 500 किमी. से 5000 किमी. तक प्रहार करने वाली मिसाइलों को नष्ट करेंगे। रूस ने 38 साल पुरानी वह संधि रद्द कर दी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ थोपा है, उसका बुनियादी कारण रूस ही बताया है। अमरीकी राष्ट्रपति को रूस के साथ तेल और हथियारों के, भारत के कारोबार पर, घोर आपत्ति है। रूस ने न केवल टैरिफ बढ़ाने की निंदा की है, बल्कि अमरीका के साथ 38 साल पुरानी संधि भी तोड़ दी है। नतीजतन परमाणु युद्ध के खतरे की आशंकाएं बढ़ गई हैं। वैसे भी रूस के रडार पर सभी नाटो देश हैं। रूस उन पर कभी भी हमला कर सकता है। रूस के पास 16,000 किमी. तक हमला करने वाली बैलेस्टिक मिसाइलें भी हैं। अमरीका उनके प्रहार की परिधि में है। राष्ट्रपति ट्रंप को पूर्व राष्ट्रपति रीगन के बयान पर चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि व्यापार और टैरिफ बदला लेने को नहीं होते। दूसरे देश भी पलटवार में ऊंचे टैरिफ लगा सकते हैं। अन्य देशों में नौकरियां जा सकती हैं और अमरीका में भी महंगाई के कारण अराजकता फैल सकती है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप जिस सोच के तहत देशों के आयात पर टैरिफ थोप रहे हैं, उससे रातोंरात अमरीका एक बार फिर महान नहीं बन सकता। फैक्टरियां और कारखाने नहीं खुल सकते। अमरीका देखते ही देखते मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ नहीं बन सकता। एक उदाहरण केले का ही लें। अमरीका ने 2024 में 28,000 करोड़ रुपए का केला आयात किया। उसमें भारत से सबसे अधिक आयात किया गया। अमरीका फल–सब्जियों, ऑटो पार्ट्स, दवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर चिप्स, स्मार्ट फोन आदि के लिए भारत समेत अन्य देशों पर आश्रित है। किस–किस देश पर टैरिफ थोपेंगे? चीन को 90 दिनों की छूट क्यों दी गई है, जबकि अमरीका उसे सबसे बड़ा दुश्मन देश मानता है? अमरीका में 10 फीसदी लोग ही कृषि में नौकरी या काम करते हैं। कुल 2.21 करोड़ अमरीकी कृषि से जुड़े बताए जाते हैं। अमरीकी प्रशासन को 2025 में ही 3.65 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी किसानों को देनी पड़ी है। अमरीका इस घाटे को पाटना चाहता है, लिहाजा भारत को लगातार बाध्य कर रहा है कि वह कृषि और डेयरी उद्योग के क्षेत्र अमरीका के लिए खोल दे। भारत अनुमति नहीं देने पर अडिग है। भारत–अमरीका के बीच टैरिफ और व्यापार समझौते का मुख्य विवाद यही है। अब तो राष्ट्रपति ट्रंप ने बयान दे दिया है कि जब तक टैरिफ का विवाद नहीं सुलझता, तब तक व्यापार समझौते पर वार्ता भी नहीं होगी। क्या व्यापार समझौता भी खटाई में पड़ गया है? बहरहाल रूस ने नाटो देशों के खिलाफ अपना बैलेस्टिक मिसाइलें तैनात कर दी हैं और अमरीका ने भी परमाणु पनडुब्बियां सागर में उतार दी हैं। यदि एक और युद्ध छिड़ता है, तो विश्व के प्रमुख देश भी निशाने पर होंगे। क्या एक और विश्व युद्ध छिड़ सकता है? यदि युद्ध छिड़ता है, तो दुनिया भर में सप्लाई लाइन बिगड़ सकती है। भारत को टैरिफ से नुकसान होना स्वाभाविक है, लेकिन युद्ध भी प्रभावित करेगा। वैसे अगले सप्ताह राष्ट्रपति ट्रंप और राष्ट्रपति पुतिन संयुक्त अरब अमीरात में मिल सकते हैं। यह रूस के क्रेमलिन ने घोषणा की है। उम्मीद है कि रूस–यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का कोई रास्ता निकलेगा। बहरहाल भारत घरेलू खपत पर आधारित अर्थव्यवस्था है, लिहाजा हमें घरेलू खपत बढ़ानी होगी। स्वदेशी पर जोर देना होगा। मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नीति बनानी होगी। इससे हमारी लागत घटेगी। तभी हम ताइवान और वियतनाम जैसे देशों का मुकाबला कर सकेंगे। निर्यात पर आधारित उद्योगों को सबसिडी देने पर विचार करना होगा, ताकि लागत घट सके। ये सुझाव व्यापार और अर्थव्यवस्था से जुड़े विशेषज्ञों के हैं। एक और विचार सामने आया है कि रूस, भारत, चीन तीनों देश एक ही मंच पर आ जाएं और एक संगठन बनाएं। यह ब्रिक्स से अलग होगा। क्या तीनों देश एक ही पाले में आ सकते हैं?



ललित शर्मा
संपादक

# अमेरिका भारत टकराए-चीन भारत करीब आए-रूस ने ध्रुवीकरण के समीकरण बनाए- पश्चिमी विश्व के लिए भू- राजनीतिक भूचाल लाए



गोंदिया




वैश्विक स्तरपर वैसे तो अमेरिका की अनेक देशों के साथ टकराहट, फिर उनके ऊपर आर्थिक सामायिक प्रतिबंधों को लगाना, वैश्विक वित्तीय संस्थाओं का मुंह मोड़ना, जैसे अनेक किस हम सुनते रहते हैं, जिसके कारण वे देश आर्थिक खस्ताहाली के शिकार हो जाते हैं पर परंतु वर्तमान भारत अमेरिका के हालातो को देखते हुए, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र, आज 45 वर्षों के लेखन कार्य के इतिहास में व शायद भारत- अमेरिका दोस्ती के इतिहास में पहली बार इतनी टकराहट देख रहा हूं, कि भारत पर 50 पेर्सेंट टैरिफ लगाना व इसके बढ़ाने की धमकी देना तथा फिर प्रतिबंधों की बारी भी आ सकती है, जिससे हमारे प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल व फामेर्सी इत्यादि क्षेत्रों में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जिसपर मेरा मानना है कि इस संभावित होने वाले प्रभाव पर रणनीतिक रूप से काम करना शुरू हो गया होगा? इसके साथ ही भारत का अपनी रणनीति कूटनीति पर भी काम शुरू हो गया होगा। अभी पीएम की रूसी राष्ट्रपति से बात हुई, संभवत वे नवंबर दिसंबर में भारत दौरे पर आ सकते हैं। वही हमारे पीएम 28 से 30 अगस्त 2025 को जापान, फिर 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 को एससीओ सम्मिट में चीन जाएंगे, जिसमे चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय पीएम के आने की उत्सुकता है, व संभावना है कि इस टैरिफ रूपी आपदा को अवसर के रूप में बदलने की रणनीति हो सकती है, जिसनें अमेरिका को भी सख़्तें में डाल दिया है? क्योंकि मुझे ऐसा लग रहा है कि जिस सोच के साथ ट्रंप ने भारत पर इतनी भारी मात्रा में टैरिफ लगाया है, वह सोच शायद उल्टी पड़ रही है? और हो सकता है कि बातचीत को हथियार बनाकर टैरिफ को हटा भी दिया जाए तो आश्चर्य वाली बात नहीं होगी! परंतु भारत तो अपनी तैयारी में लग गया है, अगर इस बार रूस चीन भारत ब्राजील ईरान इत्यादि देशों का ग्रुप बन गया तो, वैश्विक कूटनीति व भू-राजनीतिक समीकरण में एक नया मोड़ आ जाएगा जो पश्चिमी विश्व के लिए भू-राजनीतिक भूचाल ला सकताहै। इसलिए आज हम मीडिया में उपयोग जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यमसे चर्चा करेंगे, सुनिए बाबूजी! यह भारत है-अमेरिका भारत डायरेक्ट टकराहट अंतर्राष्ट्रीय शक्ति संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकता है। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ का प्रभाव भू-राजनीतिक प्रभाव पर पढ़ने की करें तो, अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आर्थिक हथियारों का इस्तेमाल कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब यह हथियार दुनियाँ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, यानी अमेरिका, चलाता है तो उसके प्रभाव वैश्विक होते हैं। हाल ही में अमेरिका ने भारत पर टैक्स लगाने का फैसला किया और साथ ही प्रतिबंध लगाने की संभावना के संकेत भी दिए। यह कदम न केवल भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव का कारण बन रहा है, बल्कि इसके पीछे एक और बड़ा खतरा छिपा है-भारत, चीन और रूस का संभावित ध्रुवीकरण। यह गठजोड़, यदि मजबूत हुआ, तो अमेरिका के लिए एक ऐसी भू-राजनीतिक चुनौती बन सकता है जो उसके दशकों से कायम आर्थिक और रणनीतिक प्रभुत्व को हिला देगी। अमेरिका और भारत के बीच हाल के समय में बढ़ता तनाव वैश्विक कूटनीति और भू- राजनीतिक समीकरणों में एक नए मोड़ की आहट देता है। ₹अमेरिका -भारत डायरेक्ट₹ मामले पर जो मतभेद उभर कर आए हैं, वे केवल द्विपक्षीय विवाद तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि यह पूरी अंतरराष्ट्रीय शक्ति-संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। इस मुद्दे ने जहां भारत और अमेरिका के बीच अविश्वास की रेखा को गहरा किया है, वहीं दूसरी ओर यह चीन के लिए अवसर का द्वार खोलता दिख रहा है। अगर भारत और चीन अपने पुराने मतभेदों को किनारे रखकर किसी साझा रणनीति पर आगे बढ़ते हैं, तो पश्चिमी वर्ल्ड की राजनीतिक-आर्थिक बुनियाद पर गहरा असर पड़ सकता है। साथियों बात अगर हम अमेरिका टकराव को अमेरिका का सबसे बड़ा राजनीतिक दुष्परिणाम होने की करें तो, भारत पर लगाए गए अमेरिकी टैक्स का असर केवल व्यापारिक संतुलन तक सीमित नहीं रहेगा। यह एक ऐसा संदेश है जो अमेरिकी नीति-निमार्ताओं की सोच को दशार्ता है-वे किसी भी देश के साथ अपने हितों के विरुद्ध जाने पर कठोर आर्थिक कदम उठा सकते हैं। लेकिनभारत जो पिछले कुछ वर्षों में न केवल वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने की स्थिति में आया है, बल्कि पश्चिमी देशों के लिए भी एक रणनीतिक साझेदार बनकर उभरा है, इस तरह के दबाव को आसानी से स्वीकार करने वाला नहीं है। भारत की आर्थिक नीतियों और रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर देने की प्रवृत्ति अमेरिका की उम्मीदों से मेल नहीं खाती, और यही टकराव की जड़ है। अमेरिका के इस कदम का सबसे बड़ा रणनीतिक दुष्परिणाम यह हो सकता है कि भारत और चीन-दोनों एशियाई दिग्गज, जिनके बीच पिछले वर्षों में सीमा विवाद और भू-राजनीतिक तनाव रहे हैं -आर्थिक और रणनीतिक मुद्दों पर एक साझा मंच पर आ सकते हैं। चीन पहले से ही अमेरिका के टैरिफ और प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, और वह हर उस साझेदार की तलाश में है जो उसकी अमेरिका-विरोधी रणनीति को मजबूती दे सके। यदि भारत, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए, अमेरिका के दबाव से निकलकर चीन के साथ कुछ क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाता है, तो यह अमेरिकी रणनीति के लिए बड़ा झटका होगा जिससे उबरने में उसे वक्त लगेगा। साथियों बात अगर हम भारत रूस पहलू को नजरअंदाज नहीं करने की करें तो, रूस और भारत के ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंध हैं, चाहे वह रक्षा सौदे हों, ऊर्जा व्यापार हो या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पारस्परिक समर्थन। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस पहले से ही अमेरिका और यूरोपीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, और उसने चीन के साथ अपना आर्थिक और रणनीतिक तालमेल बढ़ा लिया है। यदि भारत भी इस त्रिकोण में सक्रिय रूप से शामिल हो जाता है, तो भारत-चीन-रूस का यह ध्रुवीकरण न केवल एक मजबूत आर्थिक शक्ति बन सकता है, बल्कि एक वैकल्पिक वैश्विक शक्ति केंद्र के रूप में उभर सकता है, जो अमेरिकी नेतृत्व वाली पश्चिमी व्यवस्था को चुनौती देगा। इस संभावित गठजोड़ के आर्थिक प्रभाव गहरे होंगे। भारत, चीन और रूस मिलकर वैश्विक ऊर्जा संसाधनों, विनिर्माण क्षमता और तकनीकी विकास के बड़े हिस्से पर नियंत्रण रखते हैं। यदि ये तीनों देश आपसी व्यापार में अमेरिकी डॉलर के बजाय स्थानीय मुद्राओं या वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों का उपयोग बढ़ाते हैं, तो यह अमेरिकी डॉलर की वैश्विक वर्चस्व को कमजोर कर सकता है। अमेरिका की आर्थिक ताकत का एक बड़ा आधार उसकी मुद्रा की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता है, और इस पर चोट लगना उसके लिए सबसे बड़ी भू-आर्थिक चुनौती होगी। राजनीतिक और सामरिक दृष्टि से भी यह ध्रुवीकरण खतरनाक हो सकता है। अमेरिका ने दशकों से यह सुनिश्चित किया है कि भारत और चीन के बीच विश्वास की कमी बनी रहे, ताकि एशिया में कोई संयुक्त शक्ति उसके हितों को चुनौती न दे सके। लेकिन अगर आर्थिक दबाव और व्यापारिक युद्ध भारत को अमेरिका से दूर ले जाते हैं, तो वह मजबूरी में ही सही, चीन और रूस के साथ कुछ क्षेत्रों में सहयोग का रास्ता चुन सकता है। यह सहयोग ऊर्जा सुरक्षा, सैन्य तकनीक, और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समन्वित मतदान तक दृढ़ता से फैल सकता है। साथियों बात अगर हम अमेरिका की मौजूदा विदेश नीति अक्सर अल्पकालिक रणनीतिक लक्ष्यों पर केंद्रित दिखाई देने की करें तो, दीर्घकालिक भू-राजनीतिक परिणामों का पर्याप्त आकलन नहीं किया जाता। भारत पर टैक्स और संभावित प्रतिबंध लगाने का निर्णय भी इसी श्रेणी में आता है। अमेरिका सोचता है कि आर्थिक दबाव डालकर वह भारत को अपने शर्तों पर व्यापार समझौते करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह यह भूल रहा है कि भारत अब एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो अपनी वैश्विक भूमिका और प्रतिष्ठा के प्रति बेहद सजग है, और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी स्वायत्त पहचान बनाए रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति ₹मल्टी-अलाइनमेंट₹ यानी बहु-संबंधों की नीति पर आधारित है, जहां वह विभिन्न शक्तियों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर साझेदारी करता है।

## उदय किशोर साह



## तेरी पायल की झंकार

कविता

तेरी पायलिया की होती जब झंकार
तेरी अक्स की हो जाती है सनम दीदार
कण कण से होती है एक ही गुंजार
तुम हो इस जग में मेरा ही सनम प्यार

तेरी पायलिया की होती जब झंकार
बज उठती है दिल की वीणा की। तार
रोम रोम में हर्षित होता है तेरा प्यार
कैसे मैं करूं इसको जानम। इन्कार

तेरी पायलिया की होती जब झंकार
बरसती है सावन की मस्त ये फुहार
फिजां में घुल जाती है यौवन की बहार
पत्ता पत्ता जाने है दिलवर ये संसार

तेरी पायलिया की होती जब। झंकार
शोर से हलचल होता है मेरे गाँव जवार
एक दुजे के लिये बने है ये हर बार
मुहर लगी है हमारी प्यार की सौ बार

तेरी पायलिया की होती जब झंकार
कहती है पायलिया कर हमें पुकार
तुँ कहाँ छुपे हो प्रियेवर उस पार
ले चल संग हमें भी अपनी गाँव जवार

# स्वतंत्रता के बाद से खेल में देश की उल्लेखनीय यात्रा



विजय गर्ग

1947 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से, भारत ने खेल सुधारों की एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की है, जो एक समृद्ध खेल विरासत के साथ एक राष्ट्र से विकसित हुई है, लेकिन सीमित बुनियादी ढांचे और समर्थन, प्रतिभा का पोषण करने और वैश्विक सफलता प्राप्त करने के लिए एक केंद्रित और व्यवस्थित दृष्टिकोण के साथ। इस यात्रा को नीतिगत पहलों, संस्थागत परिवर्तनों और जमीनी स्तर पर विकास और कुलीन प्रदर्शन पर बढ़ते जोर की विशेषता है। प्रारंभिक वर्षः कम्पास के बिना एक राष्ट्र प्रतिस्पर्धा (1947-1980) आजादी के बाद के शुरूआती दशकों में भारत में खेल बड़े पैमाने पर अव्यवस्थित थे. जबकि भारतीय पुरुष हॉकी टीम वैश्विक मंच पर एक प्रमुख शक्ति थी, 1948 और 1952 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता, और पहलवान खाशाबा जाधव ने 1952 में भारत का पहला व्यक्तिगत ओलंपिक पदक हासिल किया, एक व्यापक राष्ट्रीय खेल नीति अनुपस्थित थी।

1954: अखिल भारतीय खेल परिषद (एआईसीएस): सरकार ने खेल मामलों पर सलाह देने, संघों का समर्थन करने और कुलीन एथलीटों के लिए धन प्रदान करने के लिए एआईसीएस की स्थापना की। हालांकि इसका असर सीमित ही रहा.

1961: नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (एनएसएनआईएस): पटियाला में स्थापित, एन एस एन आई एस को वैज्ञानिक आधार पर खेल विकसित करने और विभिन्न विषयों में ट्रेन कोच बनाने के लिए बनाया गया था। टर्निंग प्वाइंटः 1982 एशियाई खेल और पॉलिसी फ्रेमवर्क का जन्म नई दिल्ली में 1982 के एशियाई खेलों की मेजबानी एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसने न केवल राष्ट्रीय जागरूकता और उन्नत बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दिया, बल्कि सरकार को एक समर्पित खेल विभाग बनाने के लिए उत्प्रेरित किया। इससे खेल विकास के लिए अधिक संरचित दृष्टिकोण हुआ।

1984: राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी): बुनियादी ढांचे में सुधार, सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने और अभिजात वर्ग के खेलों में मानकों को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत की पहली आधिकारिक खेल नीति। इसने शिक्षा के साथ खेल को एकीकृत करने के महत्व पर भी जोर दिया।

1986: भारतीय खेल प्राधिकरण (एस ऐआई): नई नीति को लागू करने के लिए स्थापित, एस ऐआई एथलीट विकास कार्यक्रमों और खेल बुनियादी ढांचे के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार प्राथमिक निकाय बन गया। पोस्ट उदारीकरण युग और नई मिलेनियम (1990२-2010) 1991 के आर्थिक उदारीकरण, केबल टेलीविजन के उदय के साथ मिलकर, विशेष रूप से क्रिकेट के लिए खेल परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाया। खेल के व्यावसायीकरण के कारण जनहित और निजी निवेश में वृद्धि हुई। हालांकि, अन्य खेलों में प्रदर्शन मामूली रहा।

2000: युवा मामलों और खेल मंत्रालय : खेल विभाग को एक पूर्ण मंत्रालय में पदोन्नत किया गया था, जो इस क्षेत्र के लिए अधिक से अधिक सरकारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन कर रहा था।

2001: संशोधित राष्ट्रीय खेल नीतिः इस नई नीति ने सामूहिक भागीदारी और अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

2008: अभिनव बिंद्रा का ओलंपिक गोल्डः बीजिंग ओलंपिक में शूटर का ऐतिहासिक स्वर्ण पदक एक स्मारकीय उपलब्धि थी, जो भारत के लिए पहला व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण बन गया और एथलीटों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया।

2011: राष्ट्रीय खेल विकास संहिता (एनएसडीसी): यह कोड राष्ट्रीय खेल संघों (एन एस एफ) में अधिक विनियमन और व्यावसायिकता लाने के लिए पेश किया गया था, जो शासन, एंटी-डोपिंग और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों को संबोधित करता है। आधुनिक युगः व्यवस्थित सुधार और ग्रासरूट पुश (2010-वर्तमान) पिछले दशक में सरकारी योजनाओं और निजी क्षेत्र की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ एक अधिक केंद्रित और परिणाम उन्मुख दृष्टिकोण देखा गया है। इससे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भारत के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

2014: लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टीओपीएस): ओलंपिक और अन्य प्रमुख कार्यक्रमों में पदक जीतने की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए कोचिंग, पोषण और उन्नत प्रशिक्षण सुविधाओं सहित व्यवस्थित समर्थन के साथ कुलीन एथलीटों को प्रदान करने के लिए यह प्रमुख कार्यक्रम शुरू किया गया था।

2017: खेलो इंडियाः इस कार्यक्रम ने जमीनी विकास की दिशा में एक बड़ी पारी को चिह्नित किया।

# धामपुर में महिला जनसुनवाई का आयोजन




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि संगीता जैन सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा एसबीडी कॉलेज धामपुर के सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। महिला जनसुनवाई में लगभग 62 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में 6 महिलाओं द्वारा अपने-अपने समस्याओं का प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सदस्य द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। वीरेंद्र यादव जिला प्रोबेशन अधिकारी, रविता राठी डी एम सी, वन स्टॉप से प्रियंका अनामिका आशु सिंह, अनीता, शुभम द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की गई है। सरकारी योजनाओं के पंपलेट वितरण भी किया गया। सदस्य द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर का निरीक्षण किया गया। थाना नहटौर का निरीक्षण किया गया, थाना हल्दौर का निरीक्षण किया गया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में महिला थाना बिजनौर, महिला थाना चांदपुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी शीतल वर्मा, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी लक्ष्मी देवी, व अन्य विभागों के अधिकारी गण भी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व



वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** प्रेम, आस्था, रक्षा, और समर्पण के विश्वास का महापर्व रक्षाबन्धन महानगर मुरादाबाद सहित नगरीय क्षेत्र ठाकुरद्वारा, भोजपुर, काँठ, पाकबडा, ग्रामीण क्षेत्र बहेड़ी ब्रह्मनान, हिमाँयुपुर, देवीपुरा, मनकुआ मकसूदपुर, धारकनंगला, जहाँगीरपुर, जटपुरा, वाकरपुर अटायन, लौंगी कलां, कालाझांडा, गोपदवाला एवं डिलारी आदि में हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। भारतीय संस्कृति, समाज, परम्पराओं, समरसता, लोकनियोजित, लोकानुमोदित एवं भाई-बहन के अटूट स्नेह के पवित्र पर्व पर बहनों ने अपने भाई के मस्तक पर रोली, कुमकुम एवं अक्षत का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी दीघार्यु की मंगल कामना की। भाईयों ने भी अपनी सामर्थ्य अनुसार बहनों को वस्त्राभूषण आदि उपहार भेंट कर उनकी रक्षा करने का संकल्प लेकर स्नेह एवं समर्थन का प्रतिसाद किया। सनातन परम्परा के अनुसार प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त से ही बहनों ने पूजा अर्चना कर घर के द्वार पर सरवन माँडने एवं खांडयुक्त सिवई का भोग लगाने चुटाँने की परम्परा का निर्वहन किया। कुछ क्षेत्र में धर्मशास्त्र के अनुसार ब्राह्मणों द्वारा यजमानों की दाहिनी कलाई में रक्षासूत्र बांधकर आशीवार्दात्मक एवं लोकसर्जित कर्म का अनुपालन किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रामगंगा का कहर जारी: जलस्तर बढ़ने से बदायूं के कई गांव बने टापू

## मुख्य मार्गों के डूबने से नाव और ट्रैक्टर बने आम लोगों का सहारा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह





**बदायूं।** रामगंगा नदी के जलस्तर में तेजी आने से रामगंगा नदी ने दातागंज क्षेत्र के कई गांवों को चारों ओर से पानी से घेर लिया है। नवादा बदन, गढ़िया पैगंबरपुर और कटक गाँव पूरी तरह से टापू में तब्दील हो गए हैं। इन इलाकों से बाहर निकलने के सभी रास्ते बंद हो गए हैं, जिससे रक्षाबंधन पर बहनें भी अपने भाइयों तक नहीं पहुंच पा रहीं। हालांकि प्रशासन ने गाँव तक आने जाने के लिए नावों की व्यवस्था की है, लेकिन बढ़ते पानी को देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

रामगंगा नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण करीब 12 गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं और कई और गांवों के आसपास पानी पहुंच रहा है। जिससे घरों में पानी घुसने का खतरा मंडरा रहा है। आपको बता दें कि गुरुवार देर रात से रामगंगा का पानी तेजी से बढ़ा है, जिससे शुक्रवार दोपहर तक शाहजहांपुर मार्ग पर पानी भर गया।

इस दौरान नगरिया खन्नू गांव की श्यामवती, कोल्ड स्टोरेज से लौटते वक्त पानी में फंस गईं। ग्रामीणों की सूचना पर प्रशासन ने स्टीमर भेजकर उन्हें जैसे तैसे सुरक्षित बचाया। गढ़ियारंगीन से शाहजहांपुर, नवादा बदन से गढ़िया पैगंबरपुर और हजरतपुर से गढ़िया रंगीन मार्ग पूरी तरह पानी में डूब गए हैं। अब लोग नाव के जरिए ही आवाजाही कर रहे हैं, जबकि कुछ ग्रामीण जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर से रास्ता पार कर रहे हैं। शेरपुर के पास सड़क पर पानी आ गया है, वहीं नवादा बदन गांव की पुलिया की एप्रोच कट गई है।

नगरिया खन्नू का मजरा कटकोरा, बेलाडांडी का देवरनियां, कटक और गढ़िया पैगंबरपुर पूरी तरह पानी से घिरे हैं। तहसील प्रशासन लगातार राहत व बचाव कार्य में जुटा है और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के साथ राहत सामग्री वितरण की योजना बना रहा है। लेकिन प्रशासन द्वारा किये जाने वाले इन सभी प्रयासों के बाबजूद लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं।

# तीन राज्यों से जुड़े हथियार तस्करी के तार, चार की तलाश

**मुजफ्फरनगर।** तीन राज्यों से जुड़े अवैध हथियारों की सप्लाई के मामले में पुलिस चार आरोपियों की तलाश कर रही है। अब तक 16 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। भोपा पुलिस पर आरोप लगाते हुए क्षेत्र के लोगों ने 15 अगस्त को थाने के घेराव का एलान किया है। उधर, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी का नाम संरक्षण में आने के बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। हथियार तस्करी और पुलिस पर जानलेवा हमले के मामले में अभी तक 16 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इनमें हथियार खरीदने और बेचने वाले युवक शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी बिहार से हथियार खरीदते थे। इसके बाद यूपी और उत्तराखंड में सप्लाई की जाती थी। पंचायत चुनाव नजदीक आने के साथ सप्लाई को भी बढ़ाने की तैयारी थी। पुलिस का कहना है कि चार आरोपियों की तलाश है। इसके अलावा पूछताछ में कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनकी जांच चल रही है।

# बिजलीघर में घुसकर सप्लाई बंद, सभासद समेत 10-12 लोगों पर एफआईआर




वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** नवाबगंज में बिजलीघर में घुसकर सप्लाई बंद करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि सभासद अनुज पाठक निवासी बिजौरिया और 10-12 अज्ञात लोग जबरन कंट्रोल रूम में घुसे, कर्मचारियों से गाली-गलौज की और करीब 1 घंटा 45 मिनट तक बिजली सप्लाई रोक दी। इससे टाउन और अटल आवासीय कॉलोनी पूरी तरह अंधेरे में डूब गई। अवर अभियंता साबिर खाँ ने थाना नवाबगंज में दी तहरीर में बताया कि 5 मई 2025 की शाम 5:30 बजे बिजलीघर कर्मचारियों ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि सभासद अनुज पाठक और उनके साथ 10-12 लोग जबरन कंट्रोल रूम में आ गए हैं। तहरीर के अनुसार, इन लोगों ने गंदी-गंदी गालियां दीं, अटल आवासीय व टाउन पोषक 1 और 2 की सप्लाई बंद कर दी, कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और बिजलीघर में ताला लगाकर उन्हें बाहर निकाल दिया। उस समय लाइनमैन फील्ड में काम कर रहे थे, लेकिन बिजली सप्लाई ठप होने से पूरा सिस्टम रुक गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात काबू में कर सप्लाई बहाल कराई। अवर अभियंता ने आरोप लगाया कि यह लोग आए दिन बिजलीघर आकर सप्लाई को लेकर अभद्रता करते हैं, जिससे कर्मचारियों में भय का माहौल है। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और अन्य गंभीर धाराओं में सभासद अनुज पाठक व 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दरोगा के बुजुर्ग पिता को गाली गलौज का विरोध करना पड़ा भारी, पड़ोसी ने दिया धक्का, हुई मौत

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** किला थाना क्षेत्र के फूलबाग छावनी में शुक्रवार रात गाली-गलौज का विरोध करना एक रिटायर्ड शिक्षक के लिए जानलेवा साबित हो गया। आरोप है कि नशे में धुत पड़ोसी दंपती और एक अन्य ने मिलकर उन्हें धक्का दे दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के थाना बापूधाम में दरोगा के पद पर तैनात राजेश कुमार छुट्टी पर अपने घर बरेली आए थे। उन्होंने बताया है कि रात करीब नौ बजे उनका पड़ोसी मनोज शराब के नशे में उनके दरवाजे पर खड़ा होकर गालियां दे रहा था। उनके 65 वर्षीय पिता नत्थूलाल जो सेवानिवृत्त शिक्षक थे, मनोज को समझाने बाहर गए। इसी दौरान मनोज, उसकी पत्नी और किशनपाल ने कथित तौर पर उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े। काफी देर तक घर न लौटने पर राजेश उन्हें देखने पहुंचे तो पिता बेहोश पड़े मिले। उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उंहेव मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सेकेंड अजय कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए, और घटनास्थल का जायजा लेकर पुलिस को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। किला थाना प्रभारी सुरेश चंद गौतम ने बताया है कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नत्थूलाल हृदय रोग से पीड़ित थे और उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं। घटना के प्रत्यक्षदर्शी भी धक्का देने या मारपीट की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। फिल्हाल मनोज को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# बरेली के डोहरा रोड पर चलती हुई बाइक बनी आग का गोला

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में डोहरा रोड पर शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक चलती बाइक अचानक धुआं छोड़ने लगी और कुछ ही क्षणों में आग का गोला बन गई। बाइक में लगी आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में उसने विकराल रूप ले लिया। बाइक सवार युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने की हर संभव कोशिश की, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लोग लगातार शेयर कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग लगने की वजह बाइक में आई तकनीकी खराबी हो सकती है, हालांकि बाइक में आग लगने के सही कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है।

# रक्षाबंधन पर हादसा: राखी बांधने जा रहीं बहनों से भरी रोडवेज बस खंती में गिरी, बड़ा हादसा टला

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रक्षाबंधन के दिन सुबह बरेली-पीलीभीत हाईवे पर एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह पीलीभीत डिपो की एक रोडवेज बस का एक्सल टूटने से वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी से भरी खंती में जा घुसी। इस हादसे के समय बस में 69 यात्री सवार थे, जिनमें कई महिलाएं अपने भाइयों को राखी बांधने जा रही थीं। गनीमत रही कि सभी यात्री सुरक्षित बच गए।

स्थानीय लोगों के मुताबिक बस हाफिजगंज थाना क्षेत्र के सिथरा गांव के पास पहुंची ही थी कि हाईवे पर पड़े गहरे गड्ढे में उसका पहिया जा गिरा। झटका लगते ही बस का एक्सल टूट गया और चालक का नियंत्रण बिगड़ गया। जिसके बाद बस सीधे हाईवे से नीचे बारिश के पानी से भरी खंती में जा उतरी। सौभाग्य से बस पलटी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बस के खंती में गिरते ही उसमें सवार यात्री चीख-पुकार करने लगे। आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। खिड़कियों के शीशे तोड़कर सवारियों को बाहर निकाला गया। उधरनपुर के पूर्व प्रधान सर्वेश गंगवार ने अपने फार्म हाउस का लोहे का दरवाजा लाकर खंती पर रखा, जिससे यात्री ऊपर चढ़कर सुरक्षित सड़क पर आ सके। सूचना मिलते ही हाफिजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार दिलवाया। पांच से ज्यादा यात्री हल्के-फुल्के घायल हुए, लेकिन कोई गंभीर चोटिल नहीं हुआ। बाद में यात्रियों को दूसरे वाहनों से उनके गंतव्य तक भेजा गया।

# जैद खान अब पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव नैशनल मीडिया कॉर्डिनेटर नियुक्त किए गए

एहसान अंसारी



**नई दिल्ली।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने शुक्रवार को अपने पुराने और भरोसेमंद युवा नेता सह समाज सेवक जैद खान को नैशनल मीडिया कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा जैद खान बेहद प्रतिभाशाली और ऊजार्वान है जैद खान अब राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय एवं मिडिया संयोजक के रुप में कार्यभार संभालेंगे ।वे मिडिया समन्वय,जनसंपर्क प्रैस विज्ञप्ति, समाचार प्रसारण और संवाद को व्यापक रूप से जनता एवं मिडिया तक पहुंचाने की अहम भूमिका निभाएंगे। हमे पूरा विश्वास है कि उनकी लगन और कौशल से हमारे संदेश और विचार देश के कोने कोने तक पहुंचाएंगे।

# धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

वेलकम इंडिया /राजीव चौधरी गुर्जर



**सहारनपुर।** बहन भाई के पवित्र प्रेम एवं अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार पूरे देश भर में हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांध कर जहां उनकी लंबी उम्र की कामना की, वहीं भाईयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का प्रण लिया। कस्बे व शहरों में मिठाई की दुकानों पर काफी भीड़ रही।

भाई बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शनिवार को पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ।पारंपरिक रस्मों को निभाते हुए बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और भाइयों से रक्षा का वचन लिया। त्योहार के अवसर पर शहर व कस्बो के बाजारों में राखियों,व मिठाई और उपहारों की जमकर खरीदारी हुई। बहनों ने अपने भाइयों के लिए विभिन्न प्रकार की सुंदर राखियां खरीदीं ओर बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीघार्यु उमर की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

# राखी के धागों से खुल गई जेल की सलाखें

## जेल में बहनों ने बांधा भाईयों की कलाई पर अटूट बंधन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रक्षाबंधन के दिन शनिवार को शहर में भाई-बहन के रिश्ते का अटूट बंधन हर तरफ नजर आया। बस अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशन तक लोगों का जन सैलाब उमड़ा हुआ था। इस भीड़ में एक भावुक नजारा बरेली के केंद्रीय कारागार-2 के बाहर भी देखने को मिला, जहां सुबह से ही बहनें अपने बंदी भाइयों को राखी बांधने भारी संख्या में पहुंचने लगीं।

जेल प्रशासन ने भी रक्षाबंधन के मौके पर खास इंतजाम किए थे। बाहर टेंट और छाया की व्यवस्था, बैठने की कुर्सियां, ठंडा पीने का पानी और मेडिकल टीम पूरी तरह तैयार थी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्रा खुद व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। बहनों की सुरक्षा जांच के बाद उन्हें अंदर भेजा जा रहा था, जहां सलाखों के उस पार बैठे भाई बेसब्री से अपनी बहनों का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही राखी का धागा भाइयों की कलाई पर बंधा, आंखें नम हो गईं। किसी ने भाई की लंबी उम्र की दुआ मांगी, तो किसी ने अगली राखी अपने घर में बांधने की ख्वाहिश जताई। इस रक्षाबंधन के त्योहार ने जेल की सख्त दीवारों में भी रिश्तों के एहसास को जीवंत रूप दे दिया।

# जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये भटक रहे लोगों को मिली राहत

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिले के सबसे बड़े ब्लॉक सेमरियांवा के अधिकारियों द्वारा विगत 4 से 5 माह पूर्व से जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन को लेकर ब्लॉक के 113 ग्राम पंचायत की जनता को यह कहकर नकार दिया कि शासनादेशानुसार जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन 20 साल से ऊपर के लोगों का नहीं बनेगा। जिसके कारण सेमरियावां ब्लॉक के ग्राम पंचायतो में हाहाकार मच गया। लोगों ने निष्कर्ष निकालने का बड़ा प्रयास किया निष्कर्ष नहीं निकला।

**■ तप्पा उजियार के अधिवक्ता की मेहनत लाई रंग**

इस दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बस्ती मण्डल के प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी

मुहम्मद परवेज अख्तर की पहल पर नोमान सिद्दीकी एडवोकेट ने गंभीरता से लेते हुए ब्लॉक सेमरियावां के अधिकारियों को द्वारा बरती जा रही लापरवाही और कार्यप्रणाली की शिकायत एसडीएम सदर से की। एडवोकेट मुहम्मद नोमान सिद्दीकी ने कहा कि जब 1969 13(02) अधिनियम में कोई संशोधन नहीं हुआ तो नया आदेश कहां से आया।

तहसील समाधान दिवस में नोमान सिद्दीकी एडवोकेट ने अधिकारियों को घेरा जिसमें ब्लॉक सेमरियावां के सहायक विकास अधिकारी ( पंचायत) को उपजिलाधिकारी सदर ने तलब किया और उपजिलाधिकारी ने मौखिक रूप से आदेश दिया कि जन्म मृत्यु की रिपोर्ट लगाने में कतई देरी न करें।

इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। जन्म मृत्यु पंजीकरण किया जाएगा इस आदेश के बाद विगत महीनों से परेशान लोगों को राहत मिली है।

# टाण्डा में हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन पर्व

वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** नगर व क्षेत्र में शनिवार को भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनकी लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों की रक्षा का वचन दोहराते हुए उपहार भेंट किए।

शनिवार को नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक, रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह और विश्वास के प्रतीक के रूप में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अपने भाइयों की कलाई पर रंग-बिरंगी राखियां बांधीं और उनकी लंबी उम्र व समृद्धि की कामना की। वहीं, भाइयों ने अपनी बहनों की रक्षा का पवित्र वचन लेते हुए उन्हें उपहारों से नवाजा।

त्योहार को लेकर बाजारों में दिनभर रौनक रही। रंग-बिरंगी राखियां, मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी से दुकानों पर भीड़ उमड़ी। बहनों ने अपने भाइयों के लिए विभिन्न डिजाइनों की आकर्षक राखियां चुनीं। वहीं, त्योहारी भीड़ के चलते मुख्य मार्गों पर वाहनों का भारी दबाव रहा और मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही।

## बहन भाई के पवित्र प्रेम एवं अटूट रिश्ते का प्रतीक

# हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन

वेलकम इंडिया /राजीव चौधरी गुर्जर



**सहारनपुर।** बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांध कर जहां उनकी लंबी उम्र की कामना की, वहीं भाईयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का प्रण लिया। कस्बे व शहरों में मिठाई की दुकानों पर काफी भीड़ रही।

भाई बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शनिवार को पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ।पारंपरिक रस्मों को निभाते हुए बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और भाइयों से रक्षा का वचन लिया। त्योहार के अवसर पर शहर व कस्बो के बाजारों में राखियों,व मिठाई और उपहारों की जमकर खरीदारी हुई। बहनों ने अपने भाइयों के लिए विभिन्न प्रकार की सुंदर राखियां खरीदीं ओर बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीघार्यु उमर की कामना की।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर**। अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर जमाल निवासी एक 19 वर्षीय बाइक सवार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।? टक्कर लगने के दौरान बाइक सवार युवक की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो जाने पर परिजनों कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेजा।

अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर जमाल निवासी युवक विशाल उम्र 19 वर्षीय पुत्र सुंदर सिंह शनिवार की देर शाम साढ़े पांच बजे के करीब अपनी घर से बाइक पर सवार होकर भूतपुरी की ओर आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गांव शाहपुर जमाल में स्थित पुल के समीप पहुंची तो अचानक किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक विशाल सिंह की बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई जिसमें बाइक सवार युवक विशाल सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

सड़क दुघर्टना कर अज्ञात वाहन चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सुमित राठी व हल्का इंचार्ज मनोज कुमार ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक युवक विशाल सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर में भेज दिया। उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि मृतक युवक विशाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ की माता के निधन पर शोक सभा का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर**। नजीबाबाद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश सचिव रचित अग्रवाल जी के प्रतिष्ठान पर माननीय जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ जी की पूज्य माता जी के निधन पर शोक सभा का आयोजन नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी के नेतृत्व मे किया गया जिसमें प्रदेश सचिव रचित अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी नगर उपाध्यक्ष आतिफ रहमान नगर महासचिव मुकुल अग्रवाल स्टेशन रोड अध्यक्ष मोनू टाटा स्टेशन रोड उपाध्यक्ष शिताब खान वीरेंद्र वर्मा अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे सभा के अंत में 2 मिनट का मोन रखा गया।

# पीड़ितों को इंसाफ दिलाने का काम करते हैं विधायक मनोज पारस

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर**। पूर्व राज्य मंत्री तथा नगीना विधानसभा से सपा विधायक मनोज पारस दिन रात गरीब बेसहारा लोगों की मदद करने में लगे हुए हैं।वह लगातार पीडितो को इसाफ दिलाने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। जिला बिजनौर में वही एक मात्र ऐसे विधायक है जो पीड़ित व्यक्तियो की आवाज सडकों से लेकर विधानसभा तक उठा रहे हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र के हर व्यक्ति के सुख-दुख में वह हमेशा शरीक होते हैं। लोगों की मदद करने के कारण उनकी क्षेत्र में छवि एक मसीहा के रूप में है। अपनी ईमानदारी तथा नेक कामों की वजह से वह जनता के दिलों में बसे हुए है।

दैनिक सरल एक्सप्रेस संवाददाता से एक विशेष वार्ता करते हुए सपा विधायक तथा पूर्व राज्य मंत्री मनोज पारस ने कहा कि उनका राजनीति करने का मकसद सिर्फ लोगों की सेवा तथा मदद करना है। चद स्वार्थी नेता अपना उल्लू सीधा करने के लिए भाई को भाई से लड़ाते रहते हैं। तथा लोगों को गुमराह करके अपना फायदा करते रहते हैं। जनता को ऐसे नेताओं से सावधान रहने की जरूरत है।

उन्होंने कहा की हर पीड़ित व्यक्ति की लड़ाई को वह अपनी लड़ाई समझ कर लड़ते हैं। तथा उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए हर संघर्ष करने को हमेशा तैयार रहते हैं। आज देश तथा प्रदेश के हालात बेहद खराब है। जनता तग तथा परेशान हो चुकी है और परिवर्तन चाह रही है। आज प्रदेश का माहौल सपा की ओर बढता जा रहा है। क्योंकि जनता जान चुकी है कि उनका हित सिर्फ सपा में ही सुरक्षित है। इसलिए सभी जाति तथा धर्म के लोग समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं।

के बढ़ते जनाधार से महसूस होने लगा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तथा सपा मुखिया अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने सपा कार्यकताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि दैनिक सरल एक्सप्रेस अखबार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यही एक मात्र ऐसा अखबार है जो हर पीड़ित व्यक्ति की आवाज को प्रमुखता से उठा रहा है। वाकई में अखबार के जिला प्रभारी अशोक कुमार बधाई के पात्र हैं जो पूरी निष्पक्षता तथा निडरता से पत्रकारिता कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों को भोजन चिकित्सा जैसी सुविधाएं मुहैया कराने के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**। जनपद की तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के गांवों में बाढ़ का पानी पहुंचाने पर जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के चलते जिला अधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र गंगानगर का निरीक्षण किया गया। और बाढ़ पीड़ितों को चिकित्सा, भोजन, पशुओं के लिए चारे जैसी मूलभूत सुविधाएं महिया कराने के संबंधित को दिशा निर्देश दिए।

आपको बता दें कि जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर की तीर्थ नगरी बृजघाट क्षेत्रांतर्गत आने वाले बाढ़ग्रस्त गंगानगर का जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों को राशन किट का वितरण किया गया। और साथ ही एसडीएम गढ़मुक्तेश्वर श्रीराम यादव को बाढ़ ग्रस्त पीड़ित लोगों को भोजन, चिकित्सा जैसी सुविधाए उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

# जिला कारागार पर रक्षाबंधन बहनो ने भाईयों को बाधी राखी

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**




**प्रतापगढ**। मुख्यमंत्री एवं कारागार मंत्री के द्वारा दिये गये निदेर्शानुक्रम में आज जिला कारागार प्रतापगढ़ पर रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कारागार में निरूद्ध भाइयों की सुविधा की समुचित व्यवस्था की गयी थी।

कारागार के बाहर मुख्य द्वारा पर अपराध निरोधक समिति प्रतापगढ़ द्वारा टेंट लगाकार मुलाकाती परिजनों के बैठने एवं जलपान की व्यवस्था की गयी थी, अपराध निरोधक समिति प्रतापगढ़ के जिला सचिव सुजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में समिति के स्वयंसेवक मुलाकाती परिजनों की सुविधा व मार्गदर्शन के लिए निरंतर तत्पर रहे। कारागार के अन्दर मुलाकात स्थल पर मुलाकाती परिजन माताओं / बहनों/भाइयों की सुविधा के लिए कारागार प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किये गये थे। रक्षासूत्र बांधने आई बहनों व भाइयों के बैठने की विधिवत व्यवस्था की गई थी तथा पूजा की थाली अक्षत, रोली रक्षा सूत्र व मिष्ठान की व्यवस्था निःशुल्क की गई थी। रक्षाबंधन मुलाकात के दौरान मार्मिक व भावुक दृश्य भी सामने आए। आज कुल 03 पालियों में कारागार में निरूद्ध 244 पुरुष व 03 महिला बंदियों से मिलने 381 महिला, 03 पुरुष व 90 बच्चे आए।

मुलाकात के दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर प्रिय कुमार मिश्र ने महिलाओं के साथ आए बच्चों को टॉफी चॉकलेट वितरित की। मुलाकात दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर प्रिय कुमार मिश्र, उपजेलर शारदा देवी, ध्रुवनारायण श्रीवास्तव, लालराम वर्मा आदि समस्त अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एसपी ने रक्षाबंधन पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत सार्वजनिक स्थल का किया भ्रमण



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

**हापुड़**। एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।और साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने के उपरांत कड़ी चेतावनी दी गई। बता दें कि थाना हापुड़ नगर क्षेत्रांतर्गत रोडवेज बस स्टैंड का भ्रमण कर यात्रियों की कुशलता ली गई। यात्रियों की अधिकता को देखते हुए एआरएम से वार्ता कर यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त बसों का प्रबन्ध कराया गया। एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों तथा हापुड़ रेलवे जंक्सन का भ्रमम कर स्टेशन पर बने कन्ट्रोल रूम से कैमरों के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया लेकर सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

# उतरने लगा गंगा का पानी, उफनाई हिंडन और सोलानी

**मोरना/पुरकाजी/मीरापुर(मुजफ्फरनगर)**। खतरे के निशान से ऊपर बह रहा गंगा का पानी उतरने लगा है। लेकिन रामराज खादर क्षेत्र में परेशानी कम नहीं हुई। 25 से अधिक गांव प्रभावित हैं। बिजनौर जाने वाला मार्ग अभी नहीं खोला गया। उधर, सोलानी का पानी शुकदेव सेतु तक पहुंच गया। हिंडन नदी का पानी भी खेतों तक पहुंचकर मुश्किलें खड़ी कर रहा है। सोलानी के पानी से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। पानी खादर खेत्र के महाराजनगर, सिताबपुरी समेत अन्य गांवों में भरा हुआ है। शुकतीर्थ में मुख्य गंगा घाट, परिवर्तनशाला और शुकदेव सेतु तक पानी आ पहुंचा है। प्रशासन ने शुकदेव सेतु पर जेसीबी मशीन से जलकुंभी हटाने का कार्य कराया। बाढ़ के पानी से किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। चारे की फसल खराब हो गई है। एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह ने बताया कि जलस्तर कम होने लगा है। प्रशासन पूरी तरह निगाह बनाए हुए हैं। लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# शेरपुर जाने वाला रास्ता बंद

**पुरकाजी**। गांव शेरपुर नगला में पानी के तेज बहाव से शुक्रवार को करीब 20 फीट रास्ता टूट गया था। ग्रामीणों ने सीमेंट के खंभे डालकर बामुश्किल अस्थायी रास्ता चालू किया गया था। लेकिन शनिवार को पानी के तेज बहाव में खंभे पानी में गिर जाने से रास्ता फिर बंद हो गया है। खादर क्षेत्र के ग्रामीण पोपेंद्र गुर्जर, राजू प्रजापति, डॉ. गुलशन कुमार, साधुराम, यादराम, अमित कुमार, संदीप, जॉनी, शेखर ने कहा कि नदी में अभी भी करीब 14 फीट पानी होने से नाव में बैठकर ही नदी पार करनी पड़ रही है। करीब दो किमी पैदल चलकर ही सोलानी नदी पर खड़ी नाव तक जाना पड़ रहा है।

# बारिश में नहाते समय आकाशीय बिजली गिरने से नाबालिक किशोर की हुई दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



मृतक आतिफ की फाइल फोटो मृतकआतिफ

**हापुड़**। जनपद हापुड़ के धौलाना थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव पिपलैडा में 14 वर्षीय कक्षा 6 के स्कूली छात्र की बारिश में नहाते समय आकाशीय बिजली गिरने पर हुई दर्दनाक मौत से गांव में छाया मातम, पीड़ित स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल।

आपको बता दें कि धौलाना थाना क्षेत्र के गांव पिपलैडा में 9 अगस्त की सुबह मौसम ने अचानक करवट ली।और आकाशीय बिजली गर्जना के साथ तेज मूसलधार बारिश शुरू हो गई। जिसमें बारिश में नहाते समय 14 वर्षीय आतिफ पुत्र जुल्फिकार के ऊपर तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली के गिरने पर आतिफ जमीन पर मूर्छित हो गया। जिसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं अचानक आकाशीय बिजली गिरने की आपदा से हुई स्कूली छात्र आतिफ की मौत को लेकर गांव में मातम छाया हुआ है। और पीड़ित स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट के द्वारा पंचायत नामा भरकर आतिफ के शव का पोस्टमार्टम कराने को लेकर कार्रवाई शुरू करने पर पीड़ित परिजनों ने पुलिस प्रशासनिक कोई भी कार्यवाही कराने से मना दिया।

वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट का कहना है कि प्रथम दृष्टया आतिफ की आकाशीय बिजली गिरने के चलते मौत हुई है। लेकिन पीड़ित परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया है।

# एसपी के निर्देशन में धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक बारिश में भी अपनी टीम के साथ ड्यूटी पर रहे तैनात



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़**। जनपद के तो वहीं धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार बिष्ट भी रक्षाबंधन के त्योहार पर आने जाने वाले लोगों को कोई दिक्कत ना हो इसी को लेकर खुद पुलिसकर्मियों के साथ बारिश में अपना फर्ज निभाते हुए नजर आए। हापुड़ जिले पुलिस अधीक्षक कुँवर ज्ञानेंजय सिंह के निदेर्शानुसार जनपद के सभी थाना क्षेत्र में जगह-जगह पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया ताकि त्योहार पर आने जाने वाले लोगों को इसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े त्योहार पर भारी भीड़ होने के कारण लंबे जाम से गुजरना पड़ता था कई घंटे जाम में फंसे लोगों को निकालने में लग जाते थे पुलिस कर्मियों ने जिम्मेदारी से निभाई ड्यूटी जिस कारण लोगों को जाम से मिली राहत। बारिश के होने के कारण भी धौलाना थाने की पुलिस बल मौजूद रहा।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बागपत ने कारागार में जाकर मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार



**वेलकम इंडिया**

- जिला कारागार बागपत में पहुँची प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने कैदी भाईयों और जेल रक्षकों को बांधी राखी
- रक्षाबंधन का यह त्यौहार भाई-बहन के साथ-साथ आत्मा और परमात्मा के रक्षा सूत्र का शुभ सूचक है - गीता दीदी, प्रभारी

**बागपत, विवेक जैन**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बागपत द्वारा रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जनपद बागपत की जिला प्रभारी गीता दीदी अपनी टीम के साथ बागपत जिला कारागार पहुँची और कैदी भाईयों और जेल रक्षकों को रक्षा सूत्र बांधे और उनका मुहं मीठा कराया। इस अवसर पर बोलते हुए बागपत जिला प्रभारी गीता दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक महत्व समझाते हुए कहा कि रक्षाबंधन का यह त्यौहार भाई-बहन के साथ-साथ आत्मा और परमात्मा के रक्षा सूत्र का शुभ सूचक है। गीता दीदी ने सबसे बुराईयां व अवगुण छोड़ने का संकल्प कराया। आत्मिक स्मृति में टिके रहने का तिलक लगाया और परमात्मा के बंधन में बंधे रहने का रक्षा सूत्र बांधा और मुहं मीठा कराया। सभी से खुश रहने और एक दूसरे से मीठे बोल बोलने की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित भाईयों व बहनों ने परमात्मा का रक्षा सूत्र अपने हाथों पर बंधवाते हुए परेशानियों में एक दूसरे की सहायता करने का संकल्प किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य, पल्लवी दीदी सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व है रक्षाबंधन : संजीव शर्मा

**वेलकम इंडिया**



**बागपत, विपुल जैन**। बागपत में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बागपत के प्रमुख समाजसेवी संजीव शर्मा के परिवार ने राखी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। संजीव शर्मा की बहन अनुपम श्रोती ने संजीव और भतीजे आयुष को टीका लगाकर और राखी बांधकर परमेश्वर से उनके मंगल की कामना की। संजीव शर्मा की दोनों बेटियों आयुषी श्रोती व जाह्नवी श्रोती ने अपने भाई आयुष को राखी बांधी और उसकी दीघार्यु की कामना की। भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार भेंट किए और उनकी रक्षा का वचन दिया। आयुषी और जाह्नवी ने भी एक दूसरे को रक्षासूत्र बांधा और हर मुश्किल घड़ी में एक दूसरे का साथ देने का वचन दिया।

इस अवसर पर संजीव शर्मा ने बताया कि रक्षा बंधन का पर्व भारत के सांस्कृतिक त्योहारों में से एक है। रक्षा बंधन एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है जो भाई-बहन के बीच के बंधन का जश्न मनाता है। कहा कि यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम को दशार्ता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनकी लम्बी आयु के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती है। इस पर्व पर भाई बहनों को उपहार देते हैं और उनकी रक्षा और देखभाल करने का वचन देते हैं। यह पर्व आपसी सम्मान और स्नेह दिखाने का एक तरीका है। संजीव शर्मा ने बताया कि रक्षा बंधन सिर्फ.खून के रिश्तों तक सीमित नहीं है; इसे चचेरे भाई-बहनों व करीबी दोस्तों के बीच मनाया जाता है। भारत में रक्षा बंधन की परंपरा अलग-अलग क्षेत्रों और समुदायों में अलग-अलग है। क्षेत्र और समुदाय भले ही इस त्यौहार को अपनी परम्परा के अनुसार मनाते हो लेकिन हर समुदाय में यह एक ऐसा दिन है जब परिवार के लोग एक साथ मिलकर जश्न मनाते हैं और खुशियाँ बाँटते हैं। यह खुशी, हँसी और परिवार के साथ गर्मजोशी से भरा एक दिन है।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत साइकिल तिरंगा रैली का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में शासन के आदेशों के अनुक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव तथा काकोरी एक्शन की सौवीं वर्षगांठ मनाने के क्रम मे हर घर तिरंगा अभियान -2025 के अंतर्गत कॉलेज के छात्रों एवं कैडेट के द्वारा मोदीनगर शहर में हर घर तिरंगा साईकिल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

रैली विद्यालय से चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए बस स्टैंड ,रेलवे रोड, मोदी मंदिर, तरंग रोड, गुरुद्वारा रोड,आदर्श नगर,राज चोपला से नॉर्थ रैपिड स्टेशन,एन सी सी वाहिनी होते हुए वापस विद्यालय मे सम्पन्न हुई। रैली के दौरान सभी कैडिट हाथों में तिरंगा लिए हुए शहर के लोगों को आजादी की 79 वी पावन बेला पर अपने घरों, प्रतिष्ठानों,सार्वजनिक जगहों,शैक्षिक संस्थानों पर तिरंगा लगाकर देश के प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत कर स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने हेतु प्रेरित करते नजर आए।

रैली के दौरान विद्यालय के छात्र एवं एन सी सी कैडिट घर घर में तिरंगा फहरायेंगे, देश भक्ति के गीत गाएँगे, देश प्रेम की अलख जगाएंगे, आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे ।हम सब ने ठाना है गाज़ियाबाद को तिरंगामय बनाना है आदि स्लोगनस के माध्यम से लोगों को देश भक्ति के प्रति जागरूक करते नजर आए।

इस दौरान विद्यालय की कला प्रवक्ता वर्षा चौधरी एवं उनकी टीम के द्वारा मनमोहक एवं आकर्षित तिरंगा रंगोली बनाकर विद्यालय के छात्रों मे तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का संदेश दिया ।कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल ने सभी कैडेट एवं छात्रों को अपने आस पास स्वच्छता रखने तथा प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत कराते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान भाव रखने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर ने सभी छात्रों एवं कैडेट्स से, आजादी की जंग में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि देने तथा अपने घरो पर तिरंगा लहराकर सभी वीरों को नमन करने के लिए कहा ।इसी दौरान छात्र रेलवे रोड स्थित शहीद मेजर आसाराम त्यागी प्रतिमा स्थल पर पहुँचे तथा उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

साईकिल तिरंगा रैली को सफल बनाने में कॉलेज के वरिष्ठतम प्रवक्ता टी पी सिंह एवं आर के सिंह का विशेष योगदान रहा ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक वाइ सी शर्मा,शरद वाजपेयी, प्रवीण जैनर, लैफ्टीनैन्ट राजीव जॉगिड,वर्षा चौधरी,भावना सिंह, शिवानी बागोरिया, संजीव कुमार, गौरव त्यागी,डा नरेश प्रजापति, सुशील कुमार, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह,अजय कुमार,रेखा रानी,डॉ पूनम वशिष्ठ, रोमा देवी,राहुल त्यागी, अखिलेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

## दूध की डेरी में घुसकर मारपीट व सामान क्षतिग्रस्त करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में कई लोगों ने दूध की डेरी में घुसकर डेरी संचालक व उसकी मां के साथ मारपीट कर दी पीड़ित ने तोड़फोड़ करने सहित कई आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी महिला सर्वेश पत्नी कौशल ने बताया की पीड़िता के मकान में दूध की डेरी है विगत गुरुवार की शाम को पीड़िता का पुत्र सचिन ग्राहकों से दुध की खरीद कर रहा था ।आरोप है कि तभी गांव के कई लोग हाथों में लाठी डंडे, धारदार हथियार, तमंचा लेकर डेरी में पीछे से घुस गए। सभी आरोपियों ने डेरी में तोड़फोड़ करते हुए सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। और उसके पुत्र सचिन के साथ डंडों से मारपीट की जब पीड़िता बीच बचाव करने के लिए आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी दुर्व्यवहार किया। पीड़िता ने शनिवार को थाने पर पहुंचकर कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# कचरे के प्रकार ,प्रबंधन विधियो के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद कुमार वैशाली व नरेन्द्र मोहन मिश्र अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन नगरी के अंतर्गत हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता एवं बंधन स्वच्छता के विषय में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड नंबर -26 , गली - निकट- बाल्मीकि पार्क में उपरोक्त विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता श्रीमती रीना डोढी सभासद व संदीप मोनू सभासद ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में अमरीश सफाई एवं खाद्य निरीक्षक,सीनियर फील्ड ऑफिसर नरेश चन्द ने कचरा क्या है। कचरे के प्रकार, प्रबंधन विधियो के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।

गीला, सूखा, हानिकारक कचरा अलग-अलग करके डोर टू डोर चल रही गाड़ी,रिक्शा, ई-रिक्शा में देने के लिए प्रेरित किया गया और कचरे को गलियों, नालियों, चोराहों पर प्लोटो में नहीं डालने की अपील की गयी ।रीता डोढी सभासद ने कहा कि अपने अपने घर कचरा अलग-अलग करना हम सभी की जिम्मेदारी है, इससे कचरे का प्रबंधन भी हो जाएगा और हमारा वार्ड व नगर स्वच्छ रहेगा। विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। संदीप उर्फ मोनू सभासद महोदय ने संबोधित करते हुए कहा जिनके घर में पेड़ पौधे हैं। उन्हें ड्रम कंपोस्टिंग करने की लिए जागरूक किया गया। मोनिस हसन ने स्वच्छ सर्वेक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी दी ।

स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहित समिति के सदस्य, मोहल्ला समिति, सीनियर सिटीजन, जिम्मेदारी नागरिक, सफाई कर्मचारी, फील्ड आफिसर विजय कुमार बर्मन, विपिन कुमार,समीर , सफाई नायक - विकास, सफाई कर्मचारी, व स्वच्छता से संबंधित लोगों ने भाग लिया।

## बी एड में तान्या के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन कादराबाद मोदीनगर में बी एड के वर्ष 2023-25 में कु0 तान्या ठाकुर पुत्री मनोज ठाकुर निवासी कृष्णा नगर मोदीनगर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए इंस्टीट्यूट की प्रधानाचार्य द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।


## रक्षाबंधन का पावन पर्व धूमधाम से मनाया,बहनों ने भाईयों की कलाइयों पर बांधी राखी



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** रक्षाबंधन का पावन पर्व यहां परम्परागत तरीके से धूमधाम तरीके से मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाईयों पर राखी बांधी व उनके दीघार्यु की कामना की। सुबह से ही घरों व सड़कों पर रौकन रही। कहीं बहनों ने भाईयों के घर जाकर राखी बांधी तो कहीं राखी बंधवाने के लिए भाई अपनी बहनों के घर पहुँचे। बड़ों से कहीं ज्यादा उत्साह बच्चों में रहा। रंग बिरंगे कपड़े पहने छोटी बच्चियों ने प्रेम व स्नेह के प्रतीक धगों को अपने नन्हें मुन्हें भाईयों की कलाई पर बांध बहनों ने भाईयों के दीघार्यु की कामना की और भाईयों ने अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन पर मिठाईयों की जमकर बिक्री हुई। मिठाईयों की दुकाने देर तक खुली। राखियों की दुकानें भी देर तक खुली रही। बच्चों व युवकों ने पतंग उड़ाकर भी यह पर्व मनाया। उत्साही बच्चे सुबह से ही अपने मकान की छत पर आ गए।

# गिन्नी देवी कॉलेज में हर घर तिरंगा व्याख्यान का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत द्वितीय चरण में हर घर तिरंगा व्याख्यान का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम में सुश्री शालू देवी ने तिरंगे के महत्व को समझाया तथा छात्राओं को तिरंगे के प्रति जागरूक करते हुए समझाया कि तिरंगे में निहित केसरिया रंग साहस और त्याग का सफेद रंग सत्य और शांति का एवं हरा रंग हमारी धरती की समृद्धि और विकास का प्रतीक है तथा बीच में स्थित अशोक चक्र हमें निरंतर प्रगति और गतिशीलता की याद दिलाता है। तत्पश्चात इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रश्मि चौधरी ने छात्राओं को तिरंगे से जुड़े इतिहास के बारे में जानकारी प्रदान की।

इस कार्यक्रम में छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा चंचल एवं निशा तथा हिमांशी ने हमारी आन बान और शान तिरंगे के नारे लगाए एवं उद्घोष किया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा ने छात्राओं को हर घर तिरंगा से संबंधित होने वाले अग्रिम कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं का योगदान रहा। जिसमें सुश्री रश्मि चौधरी श्रीमती शिखा त्यागी एवं रविंद्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री शालू देवी द्वारा किया गया।

# मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच चले लाठी डंडे

वेलकम इंडिया

**कांधला।** मोहसीन रहमानी कस्बे के मौहल्ला खेल में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी मतलूब पुत्र याकूब ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की देर शाम को पीड़ित का चाचा युसूफ अपने भतीजे सलमान के साथ अपने घर में बैठा हुआ था। आरोप है कि इसी बीच इकबाल व फरमान अपने परिवार के कई लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। पीड़ित के चाचा ने विरोध किया तो आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के चाचा युसूफ और चचेरे भाई सलमान पर लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया।





हमले में पीड़ित का चाचा और चचेरा भाई घायल हो गए। दोनों घायलों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।वहीं दूसरी ओर खुर्शीद पुत्र मोहम्मद उमर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि सलमान व मुजम्मिल ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर पीड़ित के चचेरे भाई इकबाल को मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा गंगा का जलस्तर

**गुन्नौर (संभल)।** गंगा के जलस्तर में हो रही लगातार वृद्धि से नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। राजघाट में गंगा खतरे के निशान से ऊपर हाई फ्लड लेवल तक पहुंच गई है। शनिवार की देर शाम नरोरा बैराज पर जलस्तर खतरे के निशान से 62 सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। जबकि डाउन स्ट्रीम से जल निकासी 2,81,676 क्यूसेक से बढ़कर 3,05,041 क्यूसेक प्रति सेकंड तक पहुंच गई।

इस बीच गंगावास गांव के बांध में दरार पड़ने पर गंगा का पानी आसपास खेतों में पहुंच गया7 प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसडीएम डॉ. वंदना मिश्रा, तहसीलदार रविन्द्र विक्रम, सिंचाई विभाग के एसडीओ अंकित सिंह व थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान मौके पर पहुंचे और ग्रामीण मजदूरों की मदद से प्लास्टिक बैग में मिट्टी भरकर दो घंटे में दरार पाट दी।

## बाइक सवार युवक की मौत के मामले में अभियोग दर्ज

वेलकम इंडिया/मोहसीन रहमानी

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** क्षेत्र के किवाना मोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है, परिजनों ने मृतक का शव पीएम से आने के बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है।

जनपद मुजफ्फरनगर के थाना भोपा क्षेत्र के गांव नन्हेडी निवासी सागर पुत्र शंकर अपने साथी शौकेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। दोनों बाइक सवार विगत शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर कस्बे में किसी कार्य से आ रहे थे। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से सागर पुत्र शंकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि शौकेंद्र घायल हो गया था। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। मामले में मृतक के परिजन मदनपाल ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है, वहीं मृतक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# ट्रक चालक ने मारी टक्कर एक की मौत दो घायल

वेलकम इंडिया/मोहसीन रहमानी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे गांव पंजोखरा के समीप सड़क किनारे खड़े कैंटर में पीछे से ट्रक चालक ने टक्कर मार दी कैंटर नीचे टायर बदल रहे चालक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई और ट्रक चालक सहित कैंटर सवार एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। शनिवार सवेरे बागपत जनपद के गांव पिलाना निवासी सौरभ पुत्र जयपाल अपने साले सुनील निवासी रोहटा थाना लोनी गाजियाबाद अपना कैंटर लेकर बागपत से सहारनपुर की ओर जा रहा थे। क्षेत्र के नेशनल हाईवे गांव पंजोखरा के समीप अचानक से कैंटर का टायर फट गया। कैंटर चालक सौरभ व सुनील अपना कैंटर सड़क किनारे खड़ा कर टायर बदल रहा थे। तभी पीछे से तेज गति से आए ट्रक चालक ने कैंटर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।






कैंटर में ट्रक की टक्कर लग जाने से टायर बदल रहे सौरभ व सुनील घायल हो गए अस्पताल ले जाते समय सौरभ की मौत हो गई। और ट्रक चालक सुखदेव सिंह पुत्र नायब सिंह निवासी गांव ताजोवाला जनपद नया शहर पंजाब गंभीर रूप से घायल हो गया। कैंटर में पिछे से टक्कर लगने से ट्रक चालक भी बुरी तरह से जख्मी होकर ट्रक में फंस गया।

पुलिस व आसपास के लोगों ने घंटों प्रयास के बाद ट्रक चालक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। कैंटर चालक की मौत की खबर सुनते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और ट्रक कब्जे में लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त नहीं हुई है पीड़ित परिजनों की तहरीर मिलने पर अभियोग दर्ज किया जाएगा।

# भयंकर जाम लग जाने से ट्रैफिक व्यवस्था हुई जाम

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** रक्षाबंधन के त्योहार पर नगर में जाम की भीषण स्थिति बनी रही थाना प्रभारी निरीक्षक ने सड़कों पर उतरकर ट्रैफिक व्यवस्था की कमान अपने हाथों में संभाली और जाम खुलवाया तब जाकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। शनिवार को देशभर में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया रक्षाबंधन के त्योहार पर बहन अपने भाइयों के घर पर भाई अपने बहनों के घर पहुंचे। और अपनी कलाइयों पर राखी बंधवाई। रक्षाबंधन के त्योहार पर नगर के दिल्ली रोड, रेलवे मार्ग सहित आदि स्थानों पर जाम की भयंकर स्थिति बनी रही। घंटो जाम में वाहन फंसे रहे और पैदल गुजरने वाले राजगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम लग जाने से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। नगर के लोगों ने जाम लगने की सूचना पुलिस को दी पुलिस की गाड़ी व एंबुलेंस भी घंटों भयंकर जाम में फंसी रही। जाम लगने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और उपनिरक्षक सुभाष सिंह दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर पहुंचे और घंटों प्रयास के बाद जाम खुलवाया। जाम खुलने के बाद जाम में फंसे वाहन स्वामियों सहित पैदल गुजरने वाले राहगीरों ने राहत की सांस ली।



प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन के पर्व पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। रक्षाबंधन पर आने जाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ जाने के कारण जाम लग गया था मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया गया है।

# ससुरालियों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुरालियों पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी महिला जुबेदा पत्नी नवाब ने बताया कि उसने अपनी पुत्री रशीदा की शादी कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी नईम के साथ कई वर्ष पूर्व की थी।



आरोप है कि उसका दामाद काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ और घर पर उसकी पुत्री अकेली रहती है। पीड़िता का आरोप है की कई दिनों से उसकी पुत्री के साथ ससुराल वाले मारपीट कर रहे थे पीड़िता की पुत्री ने फोन कर जानकारी दी। जब पीड़िता अपनी पुत्री के ससुराल पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए उसकी पुत्री सहित घर से निकाल दिया। पीड़ित विवाहिता ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए जान का खतरा बताया है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पेड़ गिरे, सड़कें डूबीं, लेकिन डटी रही निगम की फौज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रक्षाबंधन के पावन दिन गाजियाबाद ने मौसम की सबसे बड़ी चुनौती का सामना किया। शनिवार सुबह से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने महज चार घंटे में 60 मिलीमीटर पानी बरसा दिया, जिससे शहर की सड़कों पर मानो नदियां बहने लगीं। लाल कुआं, यूपी गेट, गौशाला अंडरपास, साईं उपवन अंडरपास और अन्य निचले इलाकों में पानी भर गया। कई मार्गों पर यातायात ठप हो गया, लेकिन नगर निगम की टीमें तुरंत हरकत में आ गईं। त्योहार के दिन जब हर घर में बहनें अपने भाई को राखी बांधने की तैयारी कर रही थीं, उस समय नगर निगम, जलकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और उद्यान विभाग के कर्मचारी रेनकोट और बूट पहनकर बारिश में उतर गए। जल निकासी के लिए 75 से अधिक पंप सेट चौबीसों घंटे चालू रखे गए। जहां पानी का स्तर अधिक था, वहां अतिरिक्त मोटरें लगाई गईं। नालों की सफाई से लेकर बेसमेंट और अंडरपास से पानी निकालने तक हर जगह निगम की टीमें सक्रिय रहीं। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ सड़कों पर गिर गए। ऐसे में उद्यान विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पेड़ों को काटकर हटाया और मार्गों को बहाल कराया। गिरे हुए पेड़ों को हटाने का काम इतनी तेजी से किया गया कि यातायात पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। इसी बीच यातायात पुलिस ने भी सड़कों पर मोर्चा संभालते हुए भीड़ और जाम से बचाने में अहम योगदान दिया। गौशाला अंडरपास और साईं उपवन अंडरपास में पानी भरते ही वहां पहले से मौजूद पंप सेट चालू कर दिए गए और लगातार पंपिंग कर पानी बाहर निकाला गया। कई रिहायशी इलाकों के बेसमेंट में भरे पानी को भी निगम की टीमों ने खाली कराया। वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश के तहत बारिश शुरू होते ही सभी विभाग अलर्ट पर आ गए थे और हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। शहरवासियों ने भी इस मुसीबत की घड़ी में प्रशासन का भरपूर सहयोग किया।




# रेप पीड़िता की अल्ट्रासाउंड जांच 2 दिन टली, न्याय प्रक्रिया पर मंडराया खतरा

वेलकम इंडिया

> निर्भया कांड के बाद बने सख्त कानून भी इस तरह की देरी को गंभीर लापरवाही मानते हैं। गाजियाबाद की यह घटना केवल एक अस्पताल की लापरवाही नहीं, बल्कि उस सोच का आईना है जिसमें पीड़ित को सहानुभूति और मदद देने के बजाय नियम-कायदों के बोझ तले दबा दिया जाता है।

**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर क्षेत्र से एक बार फिर सरकारी सिस्टम की बेरुखी और प्रशासनिक लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक रेप पीड़िता, जो पहले ही मानसिक और शारीरिक पीड़ा से गुजर रही है, अब अस्पताल की उदासीनता की शिकार हो गई है। यह घटना संजय नगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल की है, जहां समय पर अल्ट्रासाउंड न होने से मामले पर गंभीर असर पडे का खतरा बढ़ गया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने पीड़िता को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया। ऐसे मामलों में मेडिकल जांच और साक्ष्यों का त्वरित संकलन बेहद जरूरी होता है ताकि आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत पेश किए जा सकें। लेकिन शुक्रवार को जब पीड़िता दिनभर थाने में बयान दर्ज कराने के बाद दोपहर करीब दो बजे अस्पताल पहुंची, तो वहां मौजूद महिला चिकित्सक ने यह कहकर जांच से साफ इनकार कर दिया कि दो बजे के बाद अल्ट्रासाउंड नहीं किया जाएगा। डॉक्टर ने यह भी कह दिया कि अब जांच सोमवार को ही होगी, क्योंकि शनिवार को रक्षाबंधन और रविवार को अवकाश रहेगा। पीड़िता और उसके परिजनों के लिए यह फैसला किसी पहाड़ टूटने जैसा था। दो दिन की देरी का सीधा मतलब है कि मेडिकल साक्ष्य कमजोर हो सकते हैं, खासकर तब जब मामला नशीला पदार्थ देने और यौन शोषण से जुड़ा हो। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में हर घंटे का महत्व होता है और जरा-सी देरी आरोपी के बच निकलने का रास्ता आसान बना सकती है। सरकारी तंत्र की यह लापरवाही तब और गंभीर हो जाती है, जब यह पुलिस के आग्रह के बावजूद सामने आती है। पुलिस अधिकारियों ने डॉक्टर से तुरंत जांच करने का अनुरोध किया, लेकिन इसे भी अनसुना कर दिया गया। यह स्थिति न केवल पीड़िता के लिए, बल्कि पूरे न्याय तंत्र की विश्वसनीयता के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। पीड़िता ने अपनी फरियाद सीधे मुख्यमंत्री तक भेजी है। प्रार्थना पत्र में उसने स्पष्ट लिखा है कि यह देरी उसके केस को कमजोर कर देगी और आरोपी को बच निकलने का मौका मिल जाएगा। उसने दोषी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है और यह भी कहा है कि भविष्य में किसी भी पीड़िता की जांच में देरी न हो। कानूनी प्रावधान भी इस मामले में अस्पताल की गंभीर चूक को दशार्ते हैं। आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 164ए और भारतीय दंड संहिता की धारा 166ए के तहत, बलात्कार पीड़िता की मेडिकल जांच तत्काल और निःशुल्क की जानी चाहिए।

# शराब के नशे में भीड़ पर चढ़ी कार, दो गंभीर, कई घायल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात रक्षाबंधन की चहल-पहल के बीच बाजार अचानक चीख-पुकार और भगदड़ से गूंज उठा, जब एक कैब चालक ने शराब के नशे में नियंत्रण खोकर भीड़ पर कार चढ़ा दी। इस दर्दनाक और सनसनीखेज हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि सात से आठ अन्य लोग भी चोटिल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रक्षाबंधन की खरीदारी के चलते बाजार में असामान्य भीड़ थी।

रात करीब नौ बजे के आसपास तेज रफ्तार से आती एक कैब, जिसे संदीप नामक चालक चला रहा था, अचानक सड़क किनारे खड़े और चल रहे लोगों को रौंदते हुए निकल गई। इस भयावह दृश्य के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। गुस्साई भीड़ ने आरोपी चालक को मौके पर ही घेर लिया और पुलिस की मौजूदगी में ही उसकी पिटाई शुरू कर दी। भीड़ का गुस्सा इतना बढ़ गया कि चालक की कार के शीशे तोड़ दिए गए और वाहन को पलट दिया गया। हालात बेकाबू होते देख पुलिस को अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को भीड़ से बचाकर हिरासत में लिया गया और थाने भेजा गया। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि चालक शराब के नशे में था और लापरवाही से भीड़भाड़ वाले बाजार में गाड़ी चला रहा था। उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है और कार को जब्त कर लिया गया है। हादसे में गंभीर रूप से घायल दो लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए पुलिस की लापरवाही को भी जिम्मेदार ठहराया। उनका कहना है कि त्योहार के मौके पर भी बाजार क्षेत्र में गश्त और यातायात नियंत्रण पर्याप्त नहीं था, जिससे घटना के बाद भीड़ का गुस्सा और बढ़ गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी संदीप के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिव्यांग बेटियों ने बनाई 'प्यार की डोर' अधिकारियों को बांधी स्वनिर्मित राखी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रक्षाबंधन का पर्व इस बार एक अलग ही अंदाज में मनाया गया। भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा संचालित भागीरथ स्पेशल स्कूल की दिव्यांग छात्राएं अपने नन्हें हाथों से बनाई राखियां लेकर शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचीं और वहां मौजूद अधिकारियों को यह अनमोल उपहार बांधा। प्रधानाचार्य सुमन राजपूत और विशेष शिक्षिका प्रियंका भनोट के नेतृत्व में पहुंची इन बच्चियों ने पहले एडीएम सिटी विकास कश्यप को राखी बांधी और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान को भी राखी का बंधन बांधा। भाई की भूमिका निभाते हुए अंशुल चौहान ने बच्चियों को आशीर्वाद स्वरूप 500 रुपये भेंट किए। भागीरथ सेवा संस्थान का यह विद्यालय पिछले 25 वर्षों से उन बच्चों के जीवन में नई रोशनी जगा रहा है, जो किसी न किसी वजह से विकास की मुख्यधारा में पीछे रह गए हैं। राजनगर एक्सटेंशन स्थित यह स्कूल न सिर्फ उन्हें शिक्षा दे रहा है, बल्कि समाज में आत्मनिर्भर बनकर आगे बढे की प्रेरणा भी देता है। संस्थान के निदेशक अनादि सुकुल के अनुसार, स्कूल में दिव्यांग बच्चों को वोकेशनल ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि वे अपने हाथों से बनी चीजों को बाजार में बेचकर आर्थिक आत्मनिर्भर बन सकें। खास अवसरों पर बच्चों को विशेष वस्तुएं बनाना सिखाया जाता है—जैसे रक्षाबंधन पर राखियां और सजावटी सामान, दीपावली पर मोमबत्तियां, दीये और जेल कैंडल। इनकी प्रदर्शनी भी लगाई जाती है, जिससे न केवल बच्चों को व्यापार की समझ मिलती है बल्कि उन्हें धन का लाभ भी होता है। इस बार की राखियां न सिर्फ रंग-बिरंगी थीं बल्कि इनमें इन बेटियों के दिल का स्नेह और आत्मविश्वास भी गूंथा हुआ था। यह दृश्य न केवल वहां मौजूद अधिकारियों बल्कि सभी उपस्थित लोगों के लिए भावुक कर देने वाला था। रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर इन दिव्यांग बेटियों ने साबित कर दिया कि यदि अवसर और मार्गदर्शन मिले तो उनकी प्रतिभा किसी से कम नहीं है।



# केमिकल से नोट बनाकर दोगुना लाभ का दिया झांसा, आठ लाख ठगे

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** थानाक्षेत्र के शहीद नगर निवासी निजी कंपनी कर्मी दिलशाद अली से उन्हीं के पुराने दोस्त अनीश और उसके साथियों ने आठ लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने केमिकल से नकली नोट बनाकर रकम दोगुना करने का झांसा दिया था। ठगी 25 जून 2025 को हुई जब आरोपी पीड़ित को राजनगर एक्सटेंशन की पैराडाइस हाइट्स स्थित फ्लैट में ले गए। पुलिस ने अनीश, उसके दोस्त शौकीन चौधरी, भाई साजिद, महिला हिमांशी समेत सात लोगों को मुकदमे में नामजद कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे में दिलशाद अली ने बताया कि 17 जून को उनका दोस्त अनीश घर आया था। उसने केमिकल की मदद से रुपये दोगुना करने का लालच दिया। इसके बाद 17 जून को अपने दोस्त शौकीन चौधरी से मिलवाया। उसने निवेश करने के बाद चार घंटे में रकम दोगुना करने का लालच उन्हें दिया और आठ वर्षों से यह काम करने की बात कहते हुए आठ लाख रुपये उनसे ले लिए। 25 जून को अनीश, शौकीन और साजिद पीड़ित को लेकर राजनगर एक्सटेंशन पहुंचे। यहां हिमांशी, विक्की, बनिया और आकाश नाम के लोग मिले। उन्होंने भरोसा स्थापित करने के लिए फ्लैट में रखे केमिकल से पांच हजार रुपये भी तैयार किए। कुछ ही देर में आरोपियों ने कमरे में धुआं किया और पीड़ित को ब्लास्ट का डर दिखाकर बाहर ले आए। जब उन्होंने अपने रुपये मांगे तब आरोपियों ने 26 जून की शाम तक रुपये मुनाफे के साथ वापस करने की बात कही और उन्हें वापस घर ले आए। आरोप है कि तब से आरोपी उन्हें रुपये नहीं दे रहे हैं।

# रक्षाबंधन पर बहनों की सुरक्षा का वचन - यातायात पुलिस ने 600 बहनों को दिए हेलमेट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर शनिवार को यातायात पुलिस ने बहनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक सराहनीय अभियान चलाया। इस विशेष अवसर पर, दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट सवार बहनों को रोककर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वयं उनसे राखी बंधवाई और उन्हें सुरक्षा का वचन देते हुए 600 हेलमेट उपहार स्वरूप प्रदान किए। कार्यक्रम हापुड़ चुंगी, पुराना बस अड्डा, रिवर हाइट गोलचक्कर, मोहननगर और लाल कुआँ समेत गाजियाबाद के प्रमुख स्थानों पर एक साथ आयोजित हुआ। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून व्यवस्था) आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। हमारी हर कोशिश है कि गाजियाबाद की हर बहन अपने घर सुरक्षित पहुँचे। हेलमेट सिर्फ कानून का पालन नहीं, बल्कि जीवन की ढाल है। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने कहा कि सड़क पर सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। हमने बहनों को हेलमेट देकर यह संदेश दिया है कि अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना ही सच्चा रक्षाबंधन है। डीसीपी देहात सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि हम चाहते हैं कि रक्षाबंधन का यह रिश्ता सिर्फ धागे का न रहे, बल्कि सड़क सुरक्षा का भी मजबूत बंधन बने। हर त्योहार हमें यह सिखाता है कि अपनों की सुरक्षा सबसे ऊपर है। इस पहल का मकसद बहनों को सड़क सुरक्षा के महत्व से जोडा और हेलमेट के अनिवार्य उपयोग को बढ़ावा देना था। यातायात पुलिस ने बहनों को यह भी बताया कि हेलमेट न केवल कानूनी बाध्यता है, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में जीवन बचाने का सबसे प्रभावी साधन है। वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें, नियंत्रित गति से चलें और यातायात नियमों का पालन करें। सुरक्षित यात्रा ही सुरक्षित जीवन है।




# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वेव सिटी पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि 7 अगस्त को थाना वेव सिटी में पीड़िता के भाई द्वारा तहरीर देकर बताया कि आरोपी रिजवान निवासी कॉलोनी वेव सिटी ने 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने कमरे और अन्य स्थानों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके अलावा, आरोपी ने पीड़िता को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर थाना वेव सिटी में धारा 64(2)(एम),352,351(3) बीएनएस और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त ने तत्काल एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने मैनुअल इनपुट और खुफिया जानकारी के आधार पर शनिवार सुबह को आरोपी रिजवान 20 को वेव सिटी क्षेत्र की कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने नाबालिगा को बहला-फुसलाकर उससे दोस्ती की और इस दोस्ती का फायदा उठाते हुए कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जांच शुरू कर दी है। वर्तमान में उसके खिलाफ थाना वेव सिटी में इस मामले से संबंधित एक अभियोग दर्ज है और अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी जुटाई जा रही है।



# दूधेश्वरनाथ मंदिर में श्रावणी पूर्णिमा पर लोगों ने किया जलाभिषेक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्रावणी पूर्णिमा पर शनिवार को दूधेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बहनों ने भगवान शंकर को रक्षासूत्र अर्पित कर भाइयों के लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की सलामती के लिए प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने सावन के अंतिम दिन पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।

इस मौके पर हवन-पूजन का आयोजन किया। शाम को भोले का श्रृंगार किया गया। उनके मोहक रूप को देखने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे। महंत नारायण गिरि महाराज की अध्यक्षता में दूधेश्वर वेद विद्यालय संस्थान में श्रावणी पूर्णिमा पर श्रावणी उपाकर्म महोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी नए विद्यार्थियों का मुंडन, कर्णभेदन व उपनयन संस्कार किया गया। इस मौके पर महंत ने कहा कि हिंदू धर्म में श्रावणी उपाकर्म का बहुत अधिक महत्व है। यह श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन आयोजित किया जाता है और इसमें दशविध स्नान प्रायश्चित संकल्प, ऋषि पूजन नूतन, यज्ञोपवीत (पवित्र धागा) धारण, वैदिक मंत्रों का पाठ व जाप करना आदि शामिल हैं। इसे यज्ञोपवीत संस्कार भी कहा जाता है, यह हिन्दू धर्म के 16 संस्कारों में से एक है। इस संस्कार में बालक को यज्ञोपवीत (जनेऊ) पहनाया जाता है, जो तीन धागों वाला एक पवित्र सूत्र होता है। इसे त्रिदेव यानि ब्रह्मा, विष्णु व महेश का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वेदों का अध्ययन कर पूरे विश्व में सनातन धर्म, भारतीयता व भारतीय संस्कृति की ध्वजा फहराएं। इस मौके पर विश्व संवाद संपर्क सचिव अमित गोस्वामी, विद्यालय के सचिव लक्ष्मीकांत पाढ़ी, प्रधानाचार्य तोयराज उपाध्याय, आचार्य नित्यानंद, आचार्य रोहित त्रिपाठी, आचार्य किशन शर्मा, आचार्य अजय दाधीच, विद्यालय के कोषाध्यक्ष विवेक गोयल मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य के दुश्मनों पर गाज, गाजियाबाद में नकली पनीर फैक्ट्री पर पुलिस का कहर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सहायक पुलिस आयुक्त (वेव सिटी) प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम ने शुक्रवार रात नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए इलाके में फैली मिलावटखोरी का भंडाफोड़ किया। विशेष सूत्रों से सूचना मिली कि ग्राम डूण्डाहैड़ा, शांति नगर जलप्लांट अंडरपास के पास सड़क किनारे अधबनी दुकानों के पीछे रजनीश त्यागी द्वारा नकली पनीर फैक्ट्री चलाई जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद एसीपी प्रियाश्री पाल ने तुरंत पुलिस बल संग मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। जांच के दौरान फैक्ट्री में स्वेतांक त्यागी अपने 5-6 मजदूरों के साथ पनीर निर्माण में लिप्त पाया गया। मौके का नजारा चौंकाने वाला था, जगह-जगह सोयाबीन के कट्टे, खुले ड्रम में रखी सामग्री, चारों ओर फैली गंदगी, और पनीर पैकिंग एरिया में घूमते चूहे-छिपकलियां। यह स्पष्ट था कि यहां तैयार हो रहा पनीर स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक था। एसीपी प्रियाश्री पाल ने कहा कि खाद्य सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फ कानून लागू करने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की सेहत बचाने के लिए भी की गई है। तत्काल प्रभाव से खाद्य सुरक्षा अधिकारी (सीएफएसओ) की टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने पनीर के नमूने एकत्र किए और पाया कि फैक्ट्री के पास किसी प्रकार का वैध लाइसेंस नहीं था।



# 30 मिनट का सफर तीन घंटे में हुआ तय...जाम से जूझा शहर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रक्षाबंधन पर शनिवार को लोगों ने हर तरफ भीषण जाम झेला। मिनटों का सफर घंटों में तय हुआ। सबसे बुरे हालात ईस्टर्न पेरिफेरल और डीएमई स्थित टोल टैक्स पर देखने को मिला। यहां से निकलने में लोगों को एक घंटे से भी ज्यादा का वक्त लगा। लालकुआं के पास दोनों ओर पूरे दिन करीब पांच किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा। दिल्ली-मेरठ रोड पर भी दुहाई से लेकर मोदीनगर तक जाम में लोग घंटों परेशान रहे। भाइयों को रक्षाबंधन शुभ मुहूर्त में बांधने के लिए सुबह घरों से निकलीं बहनें रास्ते में वाहनों के लिए भटकती रहीं। 30 मिनट का सफर तीन घंटे में तय हुआ। शाम को भी सड़कों पर लंबा जाम लगा रहा। सार्वजनिक सेवाएं बसें और ट्रेनें फुल होने पर लोगों ने निजी वाहनों का सहारा लिया। रैपिडो और ओला-उबर भी समय से नहीं मिले। लोगों को तीन से चार गुना तक किराया देकर सफर करना पड़ा। लालकुआं और नए बस अड्डे से होकर गुजरने वाली बसें ठसाठस भरी रहीं। रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर यात्रियों की दिन भर भीड़ लगी रही। जीटी रोड पर भी लोगों ने जाम का सामना किया। यातायात पुलिस व्यवस्था बनाने में लगी रहीं। शनिवार को जब लोग घरों से निकले तो नौ बजे ही वाहनों की गति थम गई। जीटी रोड पर हालात यह था कि साहिबाबाद से लालकुआं और पुराने बस अड्डे तक आने में लोगों को तीन घंटे से ज्यादा का समय लगा। जब वाहनों के पहिये नहीं खिसके तो बस और ऑटो में सवार लोग तो अपने हाथों में सामान लेकर पैदल ही निकल पड़े। आगे जाकर उन्होंने दूसरा वाहन पकड़ा। इस बारे में एडीसीपी यातायात सच्चिदानंद ने बताया कि व्यवस्था को बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई थी। दोपहर बाद हालात नियंत्रण में हो गए थे। ईस्टर्न पेरिफेरल पर दुहाई उतार पर दोनों तरफ सुबह 10 बजे से लेकर रात 11 बजे तक भयंकर जाम था।

